


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 237/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 13 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



8 महीने बाद कोरोना के नए केस 10 हजार पार-बीते 24 घंटे में 10,158 मामले सामने आए, एक्टिव केस 45 हजार पहुंचे

सांध्यप्रकाश विशेष

## सेल अध्यक्ष पद के लिए अमरेन्दु प्रकाश का चयन

### व्हिस्पर्स इन द कारीडोर्स की भविष्यवाणी सच हुई



व्हिस्पर्स इन द कारीडोर्स ने 18 नवंबर, 2022 को सेल अध्यक्ष पद के लिए अमरेंदु प्रकाश के पात्र होने की खबर प्रसारित की थी। 12 अप्रेल को सेल के निदेशक (बोकारो स्टील प्लांट) अमरेंदु प्रकाश भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अध्यक्ष पद के लिए पात्र होने के लिए उपस्थित हुए। 31 जनवरी 2023 को भी लिखा गया था- कौन बनेगा अध्यक्ष सेल? इसमें कहा गया था- अध्यक्ष, सेल के लिए अमरेंदु प्रकाश, निदेशक (बोकारो स्टील प्लांट), सेल, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष पद के लिए योग्य प्रतीत होते हैं। अब अमरेंदु प्रकाश सेल के अध्यक्ष होंगे।

## अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद का एनकाउंटर

**झांसी।** उमेश पाल मर्डर केस में वांटेड गैंगस्टर अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को यूपी पुलिस ने मार गिराया। एनकाउंटर झांसी में स्ञ्ज्स्न ने किया। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस के मुताबिक, इनके पास विदेशी हथियार भी मिले हैं। 24 फरवरी को उमेश पाल के मर्डर के बाद ही ये फरार थे। स्ञ्ज्स्न लगातार इन्हें ट्रेस कर रही थी और झांसी में इनकी लोकेशन मिलने पर पुलिस ने इन्हें मार गिराया।



**अतीक की रिमांड पर प्रयागराज कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा-** उमेश पाल मर्डर केस में आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिमांड पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दोनों को नैनी जेल से एक ही प्रिजन वैन से प्रयागराज ष्टछ्वरूकोर्ट लाया गया। इस दौरान अतीक अहमद ने अपने वकील से अलग मुलाकात की इजाजत मांगी। उधर, पुलिस के पास 200 सवालों की लिस्ट है। उसने अदालत से 14 दिन की रिमांड की मांग की है। वह इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पकड़े गए सदाकत को सामने बैठाकर भी दोनों से सवाल-जवाब करेगी।

## बर्खास्त बिशप पीसी सिंह को ED ने अरेस्ट किया



**नई दिल्ली।** बर्खास्त बिशप और द बोर्ड आफ एजुकेशन चर्च आफ नार्थ इंडिया जबलपुर डायोसिस के पूर्व चैयरमैन पीसी सिंह के नेपियर टाउन के बंगले से ईडी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया । सुबह के वक्त ये करवाई की गई। टीम पूर्व बिशप को लेकर भोपाल निकल गई। बर्खास्त बिशप पीसी सिंह को ईडी ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। ईडी ने मनी लान्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। ज्ञात हो कि टीम संस्था को मिलने वाली विदेशी फंडिंग, चर्च की जमीन समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच की और साक्ष्य जुटाए।

## पंजाब के होशियारपुर में श्रद्धालुओं को बेकाबू ट्रक ने रौंदा, 7 लोगों की मौत, 15 घायल

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर के उपमंडल गढ़शंकर में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। श्री गुरु रविदास जी की तपोस्थली खुरालगढ़ साहिब में बैसाखी के अवसर पर माथा टेकने जा रही संगत पर बेकाबू ट्रक जा चढ़ा। इस हादसे में मौके पर ही 7 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जबकि 15 से ज्यादा लोग हादसे में घायल हुए हैं। घायलों को लोगों की मदद से सिविल अस्पताल गढ़शंकर पहुंचाया गया है। संगत सुबह-सुबह पैदल ही खुरालगढ़ जा रही थी। इस बीच खुरालगढ़ की तरफ ही जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और उसने श्रद्धालुओं को कुचल डाला। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## भोपाल में बुक डिपो पर छापामारी, दुकान सील

**भोपाल।** स्कूलों की मिलीभगत से किताबें और पूरा कोर्स बेचने के मामले में भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। आज बैरागढ़ एसडीएम मनोज उपाध्याय ने बैरागढ़ में शंकर बुक डिपो पर छापा मारा और उसकी दुकान को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि शंकर बुक डिपो में केवल बैरागढ़ क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल की किताबें बेची जा रही थीं। कृष्णा प्लाजा शॉपिंग कंपलेक्स के अंदर शंकर बुक डिपो के नाम से इसके लिए अस्थाई दुकान खोली गई है। अभिभावकों की शिकायत मिलने पर यह कार्यवाही की गई है। यह दुकान केवल 1 माह के लिए खोली गई थी।

रोजगार मेला

# दुनिया भारत को ब्राइट स्पॉट के रूप में देख रही है: प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री देशभर के 71,506 युवाओं को सरकारी कर्मचारी बनने के नियुक्ति पत्र दिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान की सोच और अप्रोच स्वदेशी अपनाने और वोकल फॉर लोकल से ज्यादा है। यह सीमित दायरे वाला मामला नहीं है। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत गांव से लेकर शहरों तक रोजगार के करोड़ों अवसर पैदा करने वाला अभियान है। आज 71 हजार से ज्यादा युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी मिली है। आज भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। बावजूद इसके, दुनिया भारत को एक ब्राइट स्पॉट के रूप में देख रही है।



गुरुवार को देशभर के 71,506 युवाओं को सरकारी कर्मचारी बनने के नियुक्ति पत्र दिए गए। साथ ही देश में अलग-अलग जगहों पर रोजगार मेला का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। भोपाल में समन्वय भवन में भी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 326 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पीएम ने कहा- आज का नया भारत जिस नई नीति और रणनीति पर चल रहा है, उसने देश में नई संभावनाओं और अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। एक समय था जब भारत रीएक्टिव अप्रोच (प्रतिक्रियाशील दृष्टिकोण) के साथ काम करता था। 2014 के बाद से भारत ने प्रोएक्टिव अप्रोच (सक्रिय दृष्टिकोण) अपनाई है। इसका नतीजा यह हुआ कि 21वीं सदी का यह तीसरा दशक रोजगार और स्वरोजगार के वो अवसर पैदा कर रहा है, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। प्रधानमंत्री ने 27 मिनट 23 सेकंड तक अपनी बात रखी। स्पीच में सबसे पहले उन्होंने बैसाखी की बधाई दी।

### स्टार्टअप ने 40 लाख से ज्यादा जॉब क्रिएट किए

मोदी ने आगे कहा- आज युवाओं के सामने कई ऐसे सेक्टर खुल गए हैं, जो 10 साल पहले युवाओं के सामने उपलब्ध ही नहीं थे। स्टार्टअप का उदहारण हमारे सामने है। स्टार्टअप को लेकर आज भारत के युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टार्टअप ने 40 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जॉब क्रिएट किए हैं। इसी प्रकार से ड्रोन सेक्टर भी है। बीते 8-9 साल में देश के स्पोर्ट्स सेक्टर का भी कायाकल्प हो गया है।




राजधानी भोपाल के टीटी नगर में स्थित समन्वय भवन में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय शासकीय सेवाओं में चयनित प्रदेश के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे और चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, महापौर मालती राय भी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्रभ् सिंधिया ने कहा कि सशक्त युवा और कुशल युवा यही हमारा संकल्प है। हम निजी क्षेत्र के साथ जुगलबंदी करके काम कर रहे हैं। 10 लाख रोजगार सृजित किए जायेगें। पिछली सरकारों में युवाओं को नौकरियों के लिए आफिस के बाहर लाइन लगानी पड़ती थी, सीवी देना पड़ता था। सरकारी महकमों के अगर कोई रिक्त जगह होती थी तो सालोंसाल वेकेंसी भरी नही जाती थी। पर आज आपको भटकना नहीं पड़ता। आज प्रधानमंत्री स्वयं ऐसे कार्यक्रम में आपको नौकरी का प्रमाण पत्र देते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सशक्त युवा और कुशल




युवा यही हमारा संकल्प है। हम निजी क्षेत्र के साथ जुगलबंदी करके काम कर रहे हैं। 10 लाख रोजगार सृजित किए जायेगें। पिछली सरकारों में युवाओं को नौकरियों के लिए आफिस के बाहर लाइन लगानी पड़ती थी, सीवी देना पड़ता था। सरकारी महकमों के अगर कोई रिक्त जगह होती थी तो सालोंसाल वेकेंसी भरी नही जाती थी। पर आज आपको भटकना नहीं पड़ता। आज प्रधानमंत्री स्वयं ऐसे कार्यक्रम में आपको नौकरी का प्रमाण पत्र देते हैं।







## अवैध दवा निर्माताओं पर दवा नियामक ताला डीसीजीआई की कार्रवाई, 18 कंपनियों पर लगाया

**नई दिल्ली।** भारत के ड्रग्स कंट्रोलर जनरल (डीसीजीआई) ने नकली दवाएं बनाने के मामले में 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि डीसीजीआई ने 20 राज्यों की 76 कंपनियों का निरीक्षण किया था। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नकली दवा बनाने वाली कंपनियों पर सरकार कड़ी सख्ती कर रही है। इसी क्रम में, हिमाचल प्रदेश में 70, उत्तराखंड में 45 और मध्य प्रदेश में 23 कंपनियों पर कार्रवाई की गई है।

एक समाचार एजेंसी के अनुसार, सबसे ज्यादा नकली दवाएं उत्तराखंड और हिमाचल में बनाई जा रही थीं। गौरतलब है इससे पहले पिछले साल दिसंबर में हिमालय मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। वहीं इस साल 7 फरवरी को 12 उत्पादों के निर्माण की अनुमति रद्द कर दी गई थी।

इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश के बद्दी से श्री साई बालाजी फार्माटेक प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ और निर्माण बंद करने का नोटिस जारी किया गया था। दवाएं निरीक्षकों द्वारा अनुपालन के सत्यापन के बाद उत्पादन बंद करने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। ईजी फार्मास्यूटिकल्स, ग्राम मांधाला, तेह



कसौली, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। हालांकि जांच के बाद निर्माण रोकने पर लगे आदेश को रद्द कर दिया गया था। वहीं, एथेंस लाइफ साइंसेज, मौजा रामपुर जट्टान, नाहन रोड काला अंब, जिला सिरमौर 173030 (हिमाचल) को केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। साथ ही लेबोरेट फार्मास्यूटिकल्स इंडिया लिमिटेड, (यूनिट-द्बद्ब), राजबन रोड, नारीवाला, पांवटा साहिब (हिमाचल) को चेतावनी जारी की गई और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

हिमाचल के सोलन में जीएनबी मेडिका लैब को टैबलेट, कैप्सूल, ड्राई सिरप (बीटा-लैक्टम), इंजेक्टेबल (लिक्विड इंजेक्शन-वायल, एम्पाउल्स और पीएफएस) सैशे और प्रोटीन पाउडर (जनरल सेक्शन) को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्माण बंद करने के लिए कहा गया।

इसके अलावा ग्नोसिस फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, नाहन रोड, ग्राम मोगीनंद, काला अंब, सिरमौर (हिमाचल) को कॉस्मेटिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए शो कॉज और स्टॉप मैन्युफैक्चरिंग नोटिस दिया गया था।

## विधायक नारायण त्रिपाठी की कार खड़े ट्रक से टकराई, बोले माई और बागेश्वर धाम के आशीर्वाद से बच गए

**सागर।** मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी बीती रात भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। सागर जिले के गढ़ाकोटा में विधायक की तेज रफ्तार दौड़ती कार एक खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि विधायक हादसे में बाल बाल बच गए। इस भीषण हादसे में सुरक्षित बच पाने में उन्होंने इसे माई और बागेश्वर धाम का आशीर्वाद बताया।

बीती रात करीब 12 बजे विधायक नारायण त्रिपाठी स्कॉर्पियो कार से अपने दो साथियों और ड्राइवर समेत सागर जिले के गढ़ाकोटा से गुजर रहे थे। इस दौरान कार अचानक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा टकराई। गनीमत रही कि, इस भीषण हादसे में कार सवार किसी भी यात्री को कोई खास चोट नहीं आई है। कार हादसे के बारे में बताया गया कि विधायक को पसली में मामूली चोट



आई है। नारायण त्रिपाठी ने खुद एक वीडियो जारी कर खुद के और कार सवार अन्य साथियों के सुरक्षित होने की पुष्टि की। विधायक के वीडियो में बताया कि, वे रात करीब 12 बजे बागेश्वर धाम महाराज का आशीर्वाद लेने जा रहे थे।

## हाईकोर्ट ने वापस लिया छिंदवाड़ा एसपी का निलंबन आदेश, अदालत में पेश होकर मांगी माफी

**छिंदवाड़ा। संवाददाता।** जबलपुर हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा एसपी विनायक वर्मा को सस्पेंड करने के आदेश वापस ले लिए हैं। एसपी वर्मा ने गुरुवार को हाईकोर्ट में पेश होकर माफी मांगी। इसके बाद हाईकोर्ट ने निलंबन आदेश वापस ले लिया। उनके अलावा ह्वद्ब के प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी हाईकोर्ट में पेश हुए। जिसके बाद उनका भी अरेस्ट वारंट वापस हो गया।

इससे पहले चीफ जस्टिस रवि मलिमठ की डिवीजन बेंच ने बुधवार को एसपी को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि एसपी को अगले आदेश तक सस्पेंड रखा जाए। असल में कोर्ट ने एक मामले में वारंट जारी कर तामीली करने को कहा था। एसपी ने वारंट तामील कराने के बजाय उल्टा कोर्ट को लेटर लिख दिया कि उक्त व्यक्ति का तबादला हो गया है, वारंट तामील नहीं हो सकता। कोर्ट ने इसे आदेश की अवमानना मानते हुए नाराजगी जाहिर की थी।



मामला छिंदवाड़ा में एनएचएआई द्वारा तुलसी रामायण मंडल नाम की धार्मिक संस्था की जमीन अधिग्रहण का है। छिंदवाड़ा में साल 2018 से पहले खजरी मार्ग पर एनएचएआई ने सड़क निर्माण के दौरान तुलसी रामायण मंडल के 1200 वर्गफीट प्लॉट का अधिग्रहण किया गया था। इसमें महज 600 वर्ग फीट का मुआवजा दिया गया।

## अजित पवार के शिंदे-फडणवीस से मिलने से राजनीति गर्म, संजय राउत बोले- वह भाजपा के गुलाम नहीं बनेंगे

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिलने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। शिवसेना उद्धव बालासाहेब के नेता संजय राउत के हालिया बयान ने महाराष्ट्र में विपक्ष की चिंताओं को उजागर भी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अजित पवार का भविष्य राकांपा में भी ही उज्ज्वल है और शायद वे भाजपा में शामिल न हों।

राउत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अजित पवार राकांपा के वरिष्ठ नेता हैं। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसा कुछ करेंगे और भाजपा चले जाएंगे। उन्होंने कहा, अजित पवार का राजनीतिक भविष्य राकांपा के साथ ही बेहतर है। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे उनके साथ नहीं शामिल होंगे और भाजपा के गुलाम नहीं बनेंगे। हमें एनसीपी नेता अजित पवार पर पूरा भरोसा है।



### जल्द करेंगे अजित पवार से बातचीत

सामना के संपादक ने यह भी कहा कि वे अजित पवार और कांग्रेस नेता नाना पटोले के साथ आने वाले दिनों में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि नागपुर में 16 मई हमारी रैली है और उस रैली से पहले हम उनसे बात करेंगे। इतना ही नहीं राउत ने शरद पवार को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, राकांपा सुप्रीमो अभिभावक हैं और हम उनके साथ हैं। कल ही मैं और उद्धव ठाकरे जी ने शरद पवार के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की। हमारा जुड़ाव फेविकोल की तरह है और कोई इसे अलग नहीं कर सकता। इस बारे में कोई भ्रम ही नहीं है।

भोपाल की विरासत से रूबरू होने का सुनहरा अवसर

## स्पिकमैके द्वारा रमज़ान हैरिटेज वॉक का आयोजन

**भोपाल ।** स्पिक मैके भोपाल चैप्टर द्वारा भोपाल की गंगा-जमुनी तहज़ीब के रस माधुर्य में शराबोर होने, पुरातात्त्विक वास्तुकला और विरासत जानने-समझने के लिये एक हैरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। औक़ाफ़-ए-शाही के सहयोग से आयोजित अपनी तरह का अनूठा रमज़ान हैरिटेज वॉक 14 अप्रैल को शाम 4.30 बजे मोती मस्जिद से शुरू होगा और बुधवारा चारबत्ती, चिंतामन चौक, जामा मस्जिद से इब्राहिमपुरे होते हुए वापस मोती मस्जिद आएगा। हैरिटेज वॉक मोती मस्जिद के प्रांगण में पारंपरिक इफ़्तार की साथ सम्पन्न होगा। हैरिटेज वॉक के दौरान आर्किटेक्ट प्रोफ़ेसर सविता राजे और जानकर-विशेषज्ञ शहर की सामाजिक-सांस्कृतिक रिवायत, इतिहास, वास्तुकला आदि के बारे में बताएंगे जिनमे औक़ाफ़-ए-शाही के आज़म भाई, रंगकर्मी और शायर बद्र वास्ती, डॉक्यूमेंट्री फ़िल्मकार सुनिल शुक्ल शामिल हैं। स्पिकमैके की विज्ञप्ति में बताया गया कि इस तरह के हैरिटेज वाक का उद्देश्य अपने शहर, अपने लोग, संस्कृति, परम्परा और जुड़ाव को जानना-समझना एवं ख़ास तौर पर युवा लड़के-लड़कियों को अनुभव कराना है। रमज़ान के ख़ुशनुमा माहौल में इत्र की ख़ुशबू के साथ न सिर्फ़ लोग ये सब देख सकेंगे बल्कि भोपाली ज़ायक़ों का भी लुत्फ़ उठा सकेंगे। हैरिटेज वॉक निःशुल्क है लेकिन इसमें शामिल होने के लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन के लिए 940696418 अथवा 8989649700 पर किया जा सकता है।

### गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा आयोजित करेगा शिविर

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा भेल द्वारा 14 अप्रैल को प्रात: 10:30 से नव दंपति शिविर गायत्री प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा बीएचईएल में आयोजित किया जा रहा है। आज के इस परिवेश में आत्मीयता रहित घुटन भरे वातावरण को ध्यान में रखते हुए शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधियो द्वारा युवा दंपतियों को सफल दांपत्य जीवन के मौलिक सिद्धांत , सफल गृहस्थ जीवन व आदर्श परिवार कैसा हो इस विषय पर मार्गदर्शन दिया जायेगा।

# सिंधी शिक्षण कक्षाओं के सहयोग के लिए बनेगी सिंधी साहित्य अकादमी : राजेश वाधवानी

### वरिष्ठ कवि और नाटककार फानी साहब को किया याद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा भोपाल के वरिष्ठ कवि और नाटककार स्व खिअलदास बेगवानी फानी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर संस्कार विद्यालय संत हिरदाराम नगर में एक कार्यक्रम में काव्य पाठ का आयोजन भी हुआ। यह कार्यक्रम वीना समाज सेवा समिति संत हिरदाराम नगर के सहयोग से किया गया। राजेश कुमार वाधवानी निदेशक सिंधी साहित्य अकादमी ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षण संस्थाओं में सिंधी भाषा के सासाहिक या पाक्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए अकादमी पूरा सहयोग करेगी। यहां सिंधी कक्षाओं के लिए विद्यार्थियों की रुचि को देखते हुए योग्य शिक्षकों को दायित्व देने में अकादमी पूरा सहयोग प्रदान करेगी। कार्यक्रम में सुश्री द्रोपदी धनवानी, ओमप्रकाश टहलियानी पखी,भोपाल और अशोक जमनानी नर्मदापुरम ने कविताएं सुनाई। अशोक जमनानी ने मुअन जो दड़ो शीर्षक से बेहतरीन काव्य पाठ किया। इस कविता में उनका कहना था कि मृतकों का टीला नाम है लेकिन वह स्मारक सदा हयात है। उसका अस्तित्व शताब्दियों से है। सिंधु घाटी की सभ्यता कितनी उन्नत थी, उसकी एक एक ईंट यह सप्रमाण बताती है जो आज भी यथावत है। लेखक अशोक मनवानी ने फानी साहब को याद करते हुए बताया कि वे कभी अकादमी के उपाध्यक्ष भी रहे।अनेक शिष्यों को काव्य सृजन से जोड़ा। उनकी सरल जीवन शैली थी। एक समर्पित और कर्मठ शिक्षक भी थे। अशोक मनवानी ने अपने व्याख्यान में फानी साहब से जुड़े अपने संस्मरण भी साझा किए। उन्होंने कहा कि भोपाल में सिंधी नाटकों की जमीन फानी साहब ने ही तैयार की। सैकड़ों कलाकारों को अभिनय में दक्ष बनाने में उन्होंने निर्देशक अशोक बुलानी का योगदान लिया। कार्यक्रम में सुशील वासवानी, विष्णु गेहानी खीमन यू मूलानी कन्हैयालाल मोटवानी, नंदकुमार सनमुखाणी, किरण वाधवानी शीतल चेलानी नरेश गिदवानी, नरेश ज्ञानचंदानी आनंद सभधाणी गोपाल गिरधानी दिलीप लालवानी और अनेक साहित्य कला प्रेमी उपस्थित थे कार्यक्रम के पूर्व बुधवार को एक ही दिन में दिवंगत तीन वरिष्ठ साहित्यकारो सुंदर अगनानी जयपुर, टेकचंद मस्त उल्हासनगर और लक्ष्मण दुबे मुंबई (निवासी जूनागढ़ गुजरात) के निधन पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रारंभ में भगवान झूलेलाल और संत हिरदाराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। युवा रचनाकारों ने भी कविताएं सुनाई।कार्यक्रम का संचालन राकेश शेवानी ने किया।आभार अकादमी निदेशक ने माना।

नवनिध स्कूल में छात्राओं के लिए दाना-पानी देने हेतु सत्र का आयोजन

## पक्षियों को दाना-पानी देने से सदा सुख समृद्धि और आनंद रहता है: सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** संत सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में कक्षा पहली की छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सभागार में पक्षियों को दाना-पानी देने से संबंधित एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। छात्राओं को दानों के दो पैकेट्स और दो सकोरे भेंट स्वरूप दिए गए।

संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि जिस परिवार में पक्षियों को दाना-पानी देने का पुनीत कार्य होता है, उस परिवार की कुशलता व रक्षा का दायित्व स्वयं ईश्वर ले लेते हैं जिससे घर में सदा सुख-समृद्धि और आनंद रहता है कोई बड़ी दुर्घटना या अनहोनी नहीं होती, इसलिए अपनी सुविधानुसार घर की छत या बालकनी में नन्ही बिटियाओं के हाथों से प्रतिदिन चिड़ियों को दाना-पानी अवश्य डलवाएँ। ऐसा करने से बच्चियों के कोमल मन में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम, करुणा व संवेदनशीलता का भाव जागृत होगा और वे कभी भी मांसाहार नहीं करेंगी फलस्वरूप कई गंभीर बीमारियों से बची रहेंगी। अभिभावकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि बच्चियाँ अभी छोटी हैं इसीलिए पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने में इनकी मदद करें। बेटों की अपेक्षा बेटियों के लिए शिक्षित होना अति आवश्यक है क्योंकि शिक्षित होकर व आत्मनिर्भर बनकर ही वे समाज में सम्मान के साथ जी सकती हैं और अपने ज्ञान की शक्ति से जीवन में आने वाली हर परिस्थिति का सामना डटकर करती हैं। बच्चियों की सही परवरिश और उन्हें संस्कारवान बनाने के लिए अभिभावकों से कहा कि उनके समक्ष अपनी वाणी में मधुरता ,शालीनता एवं संयमता रखकर विनम्र व्यवहार करें। अपने परिवार को अधिकाधिक समय दें, मित्रों के साथ अपना कीमती समय व्यर्थ न गवाएं।

### स्वच्छता एवं सफाई में विशेष योगदान के लिए पुलिस आयुक्त ने सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को किया सम्मानित

भोपाल। पुलिस द्वारा आयोजित सृजन बाल अधिकार समारोह और बाल संरक्षण सम्मान मंच कार्यक्रम में स्वच्छता और सफ़ाई में विशेष योगदान के लिए निगम के जोन क्रमांक 08 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप सिंह ठाकुर को पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायण चारी मिश्र ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को सृजन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत भोपाल की बस्तियों में रहने वाली किशोरियों को आत्मरक्षा हेतु 15 दिवसीय प्रशिक्षण एवं कानून की जानकारी प्रदान की जा रही है। सृजन कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में जिन अधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया था उन्हें आज श्यामला हिल्स थाने में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कमला नगर थाना क्षेत्र में आयोजित सृजन कार्यक्रम में स्वच्छता और सफ़ाई में विशेष योगदान के लिए पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र द्वारा जोन क्रमांक 8 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी संदीप सिंह ठाकुर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में कैम्पस ड्राइव का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवं बंसल टोनऑप हेल्थ एंड फिटनेस के द्वारा केम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एस.एस. दुबे, एच.आर. हेड, रुचि सोनी, मालविका तिवारी, डायटेटिक्स हेड द्वारा क्लीनिकल न्यूट्रीशन की छात्राओं का इंटरव्यू लिया गया। इस ड्राइव में महाविद्यालय की क्लीनीकल न्यूट्रीशन विभाग की 15 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया एवं विभाग की समस्त छात्राएं उपस्थित थीं। यह इंटरव्यू विभिन्न पदों जैसे डायटिशियन, कंटेंट राईटिंग, मार्केटिंग आदि के लिए किये गये।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंटरव्यू के लिए अच्छे से तैयारी कर सफलता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अवसरों का लाभ लेकर अपना आत्मविश्वास बनायें रखें।

## तीन दिवसीय डॉ. आम्बेडकर जयंती उत्सव प्रारंभ



**भोपाल।** डॉ. बाबासहाब आम्बेडकर जयंती मैदान में सयुक्त जयंती समारोह के अध्यक्ष रामु गजभिये की अध्यक्षता में तिन दिवसीय जयंती महोत्सव का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्था संरक्षक उमाशंकर गुप्ता पूर्व गृहमंत्री , डा मोहनलाल पाटील (राष्ट्रीय महासचिव, आरपीआई -आंबेडकर , दि बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबोधी पाटील की प्रमुख उपस्थिति हुये। कार्यक्रम में धम्मरतन सोमकुवर, भिमराव कांबले, बी टी गजभिये, वामन जंजाले, गौतम पाटील, चिंतामन पगारे, मनोज मानिक, बाबुराव ढोने मंच पर उपस्थित थे। प्रबुद्ध महिला की महिलाये बडी संख्या में उपस्थित थे। भन्ते सुगंधबोधी के बद्ध वंदना के पश्चात कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में साहिल भारती एवं क्रांति मिनल ने भिम गित के कार्यक्रम प्रस्तृत किये। इस अवसर पर डा मोहनलाल पाटील ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विधान सभा परिसर में डा बाबासहाब आम्बेडकर जी की प्रतिमा एवं बडे तालाब में तथागत बुध्द की प्रतिमा लगाये।

## आयुक्त ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन के कार्यों का किया निरीक्षण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और प्रचलित कार्यों के साथ ही प्रस्तावित कार्यों के संबंध में तकनीकि बिन्दुओं पर अधिकारियों तथा कंसलटेंट से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने विशेषरूप से हरित ऊर्जा पर ध्यान केन्द्रित करते हुए ऊर्जा की बचत हेतु इस प्रकार प्रबंध करने को कहा जिससे निगम मुख्यालय भवन प्रेरणा का केन्द्र बन सकें। निगम आयुक्त चौधरी ने उपयोग किये हुए जल को रिसाइकल कर पुनः उपयोग करने, वाटर हार्वेस्टिंग, जियो थर्मल, लिफ्ट स्थापना, आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य आदि के संबंध में गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने पत्रकार कालोनी के पीछे पंचशील नगर नाले पर निर्माणाधीन डायवर्सन स्ट्रक्चर एवं स्क्रीन चेम्बर तथा एकान्त पार्क स्थित नाले का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत मीणा, मुख्य अभियंता पी.के.जैन तथा अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त चौधरी ने बुधवार को निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन के कार्यों का निरीक्षण कर तकनीकि बिन्दुओं पर अधिकारियों तथा कंसलटेंट से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त ने हरित ऊर्जा पर ध्यान केन्द्रित करते हुए ऊर्जा की बचत हेतु इस प्रकार प्रबंध करने को कहा जिससे निगम मुख्यालय भवन प्रेरणा का केन्द्र बन सकें। निगम आयुक्त चौधरी ने निगम मुख्यालय भवन एवं परिसर हेतु ऊर्जा की खपत एवं ऊर्जा उत्पादन पर सभी बिन्दुओं का समावेश करते हुए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

## राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि की घटक संस्था ने किया ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मूल मूल उद्देश्य कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय स्तर के गेट एग्जाम मैं छात्रों को मोटिवेट करना एवं गेट प्रिपरेशन किस तरह किया जाए, इस संदर्भ में ओरियंटेशन प्रोग्राम रखी गई थी, कायक्रम का शुभारंभ राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रोफेसर सुनील गुप्ता सर द्वारा किया गया, ओरियंटेशन प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर के गेट 2022 एग्जाम की द्वितीय स्थान पर रही कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा भावना चेलानी द्वारा द्वारा छात्रों को गेट एग्जाम की तैयारी किस तरह किया जाए एवं निरंतर रोजाना 4 घंटे की पढ़ाई एवं टेस्ट सीरीज के पेपर लगाकर सफलता अर्जित की जा सकती है।

## मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट छात्रों का शैक्षिक भ्रमण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट के छात्रों का गत दिवस शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत छात्रों ने मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया। पिछले चालीस वर्षों से एचडीपीई एवं एग्री फिटिंग्स पाइप के निर्माताओं में अग्रणी नाम प्रेसवेल्स प्राइवेट लिमिटेड के भ्रमण के दौरान छात्रों एवं मैनेजमेंट विभाग के प्रोफेसर्स ने पाइप्स के निर्माण की पूरी प्रक्रिया देखी। प्रेसवेल्स की पूरी टीम ने छात्रों को हर प्रक्रिया को बारीकी से समझाया एवम उनके सवालों के जवाब भी दिए। प्रेसवेल्स मैनेजमेंट की टीम ने छात्रों एवम प्रोफेसर्स के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की। इसके बाद छात्र अनन्या पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड पहुंचे , जो पैकेजिंग गुड्स के इंपोर्ट, एक्सपोर्ट, मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रख्यात है। यहां छात्रों ने पैकेजिंग , इंपोर्ट, एक्सपोर्ट की मैनेजमेंट की जानकारियों के बारे में समझा। कंपनी के ओनर एवं मंडीदीप इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉक्टर राजीव अग्रवाल जी ने छात्रों के साथ मुलाकात की और एक अच्छे करियर को प्राप्त करने के लिए अहम बातें एवम टिप्स बताई। छात्रों ने इस भ्रमण को बेहद शिक्षाप्रद, प्रेरक एवम रोमांचित करने वाला बताया । मैनेजमेंट विभाग की एचओडी डॉक्टर शैफाली त्रिपाठी ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण पाठ्यक्रम का जरुरी हिस्सा होते हैं। छात्रों के साथ गए असिस्टेंट प्रोफेसर्स आकाश मालवी एवं शिखा पांडे ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों को भविष्य में उचित जॉब अवसर प्राप्त करने में मदद करते हैं। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर इंजीनियर गौरव तिवारी ने कहा कि यूनिवर्सिटी, छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्किल्ड एवं इंडस्ट्री रेडी बनाने पर विशेष ध्यान देती है और यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

# केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की समरसता, भोजन कराया, फिर खुद ही उठाने लगे जूठी पत्तलें

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी प्रथाओं को जड़ से समाप्त करने के लिए बुंदेलखंड से सकारात्मक पहल करते हुए समरसता भोज आयोजित किया और भोजन के बाद मंत्री पटेल ने खुद ही लोगों की जूठी पत्तल उठाईं। मोदी मंत्रीमंडल के एक मंत्री ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से ठीक पहले समाज को समरसता का संदेश देते हुए सराहनीय पहल की है। दरअसल केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने बुंदेलखंड में बंडा विधानसभा के रूरावन गांव में समरसता भोज का आयोजन कर गरीबों-दलितों को भोजन कराया, उनकी जूठी पत्तलें खुद अपने हाथ से उठाईं और बाद में आम लोगों के साथ बैठकर भोजन भी किया।



मध्यप्रदेश में दमोह लोकसभा सीट से केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल सांसद हैं। उनकी लोकसभा के अधीन बंडा तहसील के रूरावन गांव में बुधवार को महोत्सव जैसा माहौल था। यहां मंत्री, संत्री, अधिकारी, नेता, पदाधिकारी सब एक साथ बैठे, बतियाते और भोजन करते नजर आ रहे थे। यहां पर मंत्री पटेल के नेतृत्व में समाज से छुआछूत को खत्म करने के लिए एक अनूठी और नई शुरूआत की गई। समाज के सभी वर्ग के लोग एक छत के नीचे सभी एक साथ मिलकर भोजन करते नजर आए तो बाद में जूठी पत्तलें खुद मंत्री पटेल ने अपने हाथों से उठाकर समाज को संदेश दिया समाज में कोई छोटा-बड़ा या ऊंचनीच नहीं होता है।

**समरसता कुटम्ब भी बना रहे हैं:** मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि वे अपने लोकसभा क्षेत्र दमोह में सामाजिकता समरसता कुटुम्ब बना रहे हैं। इसमें समाज के जो सक्षम और सवर्ण वर्ग के लोग हैं, वे अपने आसपास गरीब और दलित वर्ग के परिवार को अपने परिवार में शामिल करेंगे। ऐसे परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने, बच्चों की पढ़ाई, कुटीर से लेकर अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने में आगे आकर मदद करेंगे। इससे वंचित वर्ग समाज की मुख्यधारा में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि हमने ऐसे 1 हजार परिवारों को चिन्हित किया है, जिन्हें पहले चरण में समरसता कुटुंब में शामिल किया जाएगा।

**समरसता कोई नारा नहीं बल्कि एक विचार और व्यवहार है:** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि मेरा मानना है कि समरसता कोई नारा नहीं है, बल्कि एक विचार और व्यवहार है, जो हमारी दैनिक जिंदगी का हिस्सा होना चाहिए। छुआछूत की भावना एक गहरी समाजिक और मानसिक बीमारी है, इससे हमें बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि रूरावन में हमारे अनूसूचित जाति-जनजाति के भाईयों के साथ सहभोज के साथ जूठी पत्तलें उठाकर सेवाकार्य करने का मौका मिला। इस मौके पर समाज के माते-मुखिया व अन्य लोगों का सम्मान भी किया गया।



**सागर।** केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने छतरपुर एवं दमोह जिले की बक्सवाहा समूह जल प्रदाय योजना के क्वायला ग्राम में निर्मित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। इस योजना से तीनों जिलों के 299 ग्रामों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध होगा। इस दौरान सागर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जीएम जल निगम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा में मुख्यमंत्री पद के 7 दावेदार हैं, कांग्रेस में सिर्फ कमलनाथ ही शपथ लेंगे: दिग्विजय

## पूर्व सीएम ने सुरखी में कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा संगठन के माध्यम से ही हम चुनाव जीतेंगे





**जैसीनगर/सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह जी उन विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर हैं जहां कांग्रेस लगातार 3 बार से चुनाव हार रही है। इसी कड़ी में वे आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जैसीनगर द्वारा आयोजित मंडल सेक्टर अध्यक्षों की बैठक में शामिल होने सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर पहुंचे जहां उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में जब जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आती है, व्यवसाय ज्यादा करती है, जन सेवा कम करती है। और अच्छे खासे जो लोग कांग्रेस से बीजेपी में जाते हैं वो बिगड़ जाते हैं अब माननीय यहां के मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत जी जिन्होंने न जाने कितना लेकर भाजपा में गए वो यहां व्यवसाय कर रहे हैं जन सेवा नहीं कर रहे हैं और वो खुद भी हमेशा कहते हैं कि न उन्हे कांग्रेस से मतलब है और न भाजपा से और उन्हें किस बात से मतलब है ये सबको पता है। उन्होंने कहा कि अभी गेंहू की तुलाई का मौसम है, मेरी जिला कलेक्टर महोदय से चर्चा हुई, यहां पर जो केंद्र है तीन तीन चार चार दिन से ट्रैक्टर खड़े हुए हैं किसान खड़े हुए हैं, वारदाने नही हैं जिसकी वजह से खरीदी नही हो रही है मंडी खुले यहां 5-6 साल हो गए लेकिन अव्यवस्था के चलते खरीदी नही होती। कोई व्यापारी यहां रुकना नही चाहता क्योंकि उसको सरकार का टैक्स तो देना ही है विधायक जी का टैक्स अलग देना पड़ता है तो वो व्यवसाय कैसे करेंगे? अभी जानकारी मिली है कि किसानों से हर बोरे पर 15 रुपए वसूले जाते हैं इसमें किस किस का हिस्सा है ये पैसा कहां जा रहा है? पूरे तरह से लोगों को ठगा जा रहा है। पूर्व सीएम ने मुख्यमंत्री पद के दावेदारी वाले प्रश्न पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा में शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह, गोपाल भार्गव, नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा व वीडी शर्मा मुख्यमंत्री पद की दावेदारी कर रहे हैं जबकि चुनाव परिणाम के बाद कमलनाथ ही मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बड़ी बात ये है कि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मुख्यमंत्री के दावेदार का योग्य भी न समझकर उनका नाम लेना भी उचित नहीं समझा।

पत्रकार वार्ता के बाद पूर्व सीएम सुरखी विधानसभा की मंडलम सेक्टर अध्यक्षों की बैठक में शामिल हुए जहां उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरखी में हमारे कार्यकर्ताओं को सताया जा रहा है और जो लोग करोड़ों रुपए लेकर कांग्रेस के मतदाता, समर्थक और कार्यकर्ताओं के विश्वास को बेचकर भाजपा में चले गए आज वो हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे केस लगा रहे हैं, उन्हे दबाया जा रहा है उनके मकान तोड़े जा रहे हैं और हर तरह से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा डरने की आवश्यकता नही है, हम लोग आपके साथ खड़े हुए हैं और संगठन के माध्यम से ही हम चुनाव जीतेंगे। उसके बाद पूर्व सीएम ने मंडलम सेक्टर अध्यक्षों के सुझाव व सवाल सुने और उनके सुझावों को नोट करके उनके सवालों के जवाब दिए।

मंडलम और सेक्टर अध्यक्षों की बैठक के बाद पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह जी सुरखी विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए। स्थानीय विधायक व मंत्री की दहशत की वजह से केवल 2 महिला कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुईं। पूर्व सीएम ने उन दोनों महिला कार्यकर्ताओं के साहस को प्रणाम करते हुए उन्हें मंच पर ससम्मान बैठाया और बाकि सभी कार्यकर्ताओं के साथ वे मंच से नीचे बैठे। उन्होंने एक एक करके कार्यकर्ताओं को मंच पर बुलाकर उनका भाषण कराया, उनकी बातें सुनी और बाद में उनके सभी सवालों के जवाब दिए।

दोपहर बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी सागर विधानसभा क्षेत्र की मंडलम सेक्टर अध्यक्षों की बैठक में शामिल हुए। सागर विधानसभा की बैठक वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ प्रारंभ हुई। पूर्व सीएम ने बैठक की शुरुवात में संबोधित करते हुए कहा कि क्या कारण है कि आखिरी बार सागर से कांग्रेस का विधायक सन 90 में जीता। क्या कारण है कि कांग्रेस लगातार हार रही है? लेकिन कांग्रेस का जो गढ़ रहा हो वो कांग्रेस का विरोध करने वाली विधानसभा कैसे बन गई? ये हम जानना चाहते हैं? उन्होंने कहा मुझे जानकारी मिली है कि सागर विधानसभा क्षेत्र में 15 हजार फर्जी वोटर जोड़े गए हैं उसके सुधार के लिए बूथ स्तर पर वोटर लिस्ट की जांच करो और फर्जी वोटरों के नाम कटवाओ! उसके बाद उन्होंने मंडलम सेक्टर अध्यक्षों को अपने सुझाव देने के लिए कहा। सभी अध्यक्षों ने अपनी बात रखी और पूर्व सीएम ने उनके सुझाव नोट किए और उनके सवालों के जवाब दिए।

सागर विधानसभा क्षेत्र की मंडलम सेक्टर अध्यक्षों की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी, जिला कांग्रेस कमेटी सागर द्वारा आयोजित सागर विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को मंच पर बैठाया और सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मंच के नीचे बैठे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के सुझाव सुने व उनके जवाब दिए। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर एकजुटता के साथ पार्टी का काम करें और कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाएं।

सुरखी विधानसभा व सागर विधानसभा क्षेत्र की बैठकों में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर नीखरा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष आनंद अहिरवार, शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, ग्रामीण जिला प्रभारी अवनीश भार्गव, सह प्रभारी अजय दांतरे, शहर जिला प्रभारी सुश्री अंजू बघेल, सह प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी, देवरी विधायक हर्ष यादव, बंडा विधायक तरवर सिंह लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष रेखा चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सैयद महजबीन अली, पूर्व मंत्री प्रभु सिंह व सुरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बुंदेल सिंह बुंदेला, प्रमिला सिंह, युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, पूर्व विधायक सुनील जैन, प्रदेश महामंत्री मुकुल पुरोहित, पूर्व उप महापौर संतोष पाण्डेय, पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे, प्रदेश मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता जी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक, संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर, सेवादल शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# दिग्गी राजा सुरखी में समय बर्बाद न करें : गोविंद सिंह राजपूत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सुरखी यात्रा को लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि दिग्विजय सिंह का कार्यकाल आज भी लोगों को याद है, जब बिजली के लिए लोग हमेशा परेशान रहते थे बिजली न मिलने से किसानों की फसलें बर्बाद होती थी। प्रदेश में सड़कों का हाल सभी जानते हैं। मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ देते थे इतनी खराब सड़कें आप के समय में थी। राजपूत ने कहा कि आपने विकास के नाम पर सुरखी में एक ईट भी नहीं लगाई। राजपूत ने कहा कि मुझे व मेरे परिवार को सुरखी की जनता आज से नहीं 25 वर्षों से जानती है। सुरखी विधानसभा मेरे परिवार जैसी है। हम सब एक हैं पुराने भाजपा के लोग हो या नए भाजपा के कार्यकर्ता, हमारे यहां सभी को मान-सम्मान मिलता है। हमारे द्वारा कभी किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया गया और ना ही हमने कभी दबाव बनाने की राजनीति की है मेरे भाजपा में आने के बाद सुरखी में हजारों करोड़ के विकास कार्य चल रहे हैं। इन विकास कार्यों पर आप ग्रहण ना लगाएं । आपके द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों पर जनता विश्वास करने वाली नहीं है। श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी के साथ-साथ पूरे प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत से आ रही है। उन्होंने दिग्विजय सिंह पर व्यंग करते हुए कहा कि जहां-जहां पग पड़े संतन के तह तह बंटाधार आप जहां जाते हैं, वहां-वहां बंटाधार हो जाता है। आने वाले समय में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# कुलदीप खरे की वापसी, बनाया सत्कार प्रभारी



**संत हिरदाराम नगर।** भोपाल जिले के पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप खरे की फिर से न केवल सम्माजनक वापसी हुई है बल्कि उन्हें भोपाल जिले का सत्कार प्रभारी भी बनाया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने की है, जिसका पत्र प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने जारी किया है। यहां बता दें कि कुलदीप खरे की गिनती भाजपा के निष्ठावान, समर्पित, जुझारू एवं ईमानदार युवा नेताओं की जाती है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सत्कार प्रभारी बनाए जाने पर श्री खरे ने वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कैलाश विजयवर्गीय एवं भगवानदास सबनानी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्हें विनय दादलानी एवं मित्रों ने बधाई दी।

# प्रदेश में 15 को ग्राहक मध्यस्थता समाधान शिविर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल और सभी जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय में 15 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे ग्राहक मध्यस्थता समाधान शिविर होगा। इसे आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री शान्तनु एस. केमकर के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है।न्यायमूर्ति श्री केमकर द्वारा उपभोक्ता शिकायतों का मध्यस्थता से निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने कहा गया है। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल के रजिस्ट्रार ने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण के लिए राज्य आयोग में 31 प्रकरण और सभी जिला उपभोक्ता आयोग में लगभग 300 प्रकरण रखे गए हैं। ग्राहक मध्यस्थता समाधान शिविर में मध्यस्थता के माध्यम से अधिकाधिक उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

## वैशाखी का पावन पर्व गुरुद्वारा टीटी नगर में श्रद्धा भक्ति के साथ में मनाया जाएगा

**भोपाल।** वैशाखी का पावन पर्व 14 अप्रैल को गुरुद्वारा टीटी नगर में श्रद्धा भक्ति के साथ में मनाया जाएगा। आज शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक भव्य कीर्तन, प्रवचन, दरबार सजेगा। 14 अप्रैल को मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा टीटी नगर में सुबह 7 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक सभी गुरुद्वारों की संगत के सहयोग से श्रद्धा भक्ति एवं धूमधाम के साथ विशेष कीर्तन दरबार प्रवचन दरबार सजेगा हजारों श्रद्धालु श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के चरणो में माथा टेकेंगे। रागी जत्थे कीर्तन प्रवचन के द्वारा संगत को निहाल करेंगे। श्री गुरु गोविंद सिंह ने पंच प्यारे सजाए थे। फिर उनसे खुद पांच प्यारों से श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने अमृत छका और दुनिया में मिसाल कायम की वाहो वाहो गुरु गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला। कहां खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में करूं निवास समाजसेवी गुरचरण सिंह अरोड़ा ने बताया कि इस अवसर पर सिख पंथ के महान रागी जत्था भाई सरबजीत सिंह कपूरथला पंजाब एवं भाई संदीप सिंह नूरपुरी पंजाब कथा वाचक भाई मनदीप सिंह जी मुरीद संगरूर पंजाब एवं हजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह जी आपने कीर्तन प्रवचन के द्वारा संगत को निहाल करेंगे।

## निगम अध्यक्ष ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**भोपाल।** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी की उपस्थिति में शहर में विकास एवं जनसुविधा संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु में शहर के नागरिको कों पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही शहर के सभी तालाबों में संरक्षण एवं नौकायन हेतु समुचित कार्यवाही करने, 31 मई तक भोपाल शहर को पिग फ्री सिटी बनाने, भोपाल टाकीज से बैरसिया रोड सहित शहर की सभी सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने, मल्टी लेवल पार्किंग के आसपास की सड़कों पर वाहन पार्क न होने देने, कोटरा हाट बाजार को शिफ्ट करने तथा गर्मी में श्वानों से नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों से बचाने हेतु समुचित व्यवस्था की जायें।

# एम्स और इंडियन ऑयल मिलकर करेंगे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

## समझौते पर किए हस्ताक्षर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स और इंडियन ऑयल के मध्य एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । यह इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एम्स भोपाल को आवश्यक उपकरण प्रदान करने की दिशा में इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता के साथ, संस्थान अपने रोगियों को उत्कृष्ट देखभाल सेवाएं प्रदान करना जारी रख सकता है।



समझौते पर एम्स भोपाल के प्रतिष्ठित एवं दूरदर्शी कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह और आईओसीएल के म.प्र. राज्य कार्यालय के कार्यपालक निदेशक एवं राज्य प्रमुख, दीपक कुमार बसु और मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय के मुख्य प्रबंधक एचआर-सीएसआर, श्रेयांश दीक्षित ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह के दौरान एम्स भोपाल के निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय सिंह ने संस्थान की कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल में योगदान के लिए इंडियन ऑयल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी टीम के प्रयासों और क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में दीपक कुमार बसु, कार्यपालक निदेशक और राज्य प्रमुख, आईओसीएल और श्रेयांश दीक्षित, मुख्य प्रबंधक मानव संसाधन-सीएसआर, मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय और डॉ बबीता रघुवंशी, अपर प्राध्यापक और उप चिकित्सा अधीक्षक, जिनके द्वारा इस समझौते को वास्तविक रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, उपस्थित रहे। इंडियन ऑयल की सीएसआर पहल के प्रति उनके समर्थन और योगदान को सराहा गया।एम्स भोपाल और इंडियन ऑयल के बीच यह समझौता उनके रिश्ते में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। दोनों संस्थान रोगियों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने के समान लक्ष्य को साझा करते हैं, और यह साझेदारी निस्संदेह इसे प्राप्त करने में मदद करेगी। यह समझौता क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए दोनों संगठनों की प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रमाण है। इस समझौते पर हस्ताक्षर एम्स भोपाल और इंडियन ऑयल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

## ग्रामीण स्वास्थ्य एम्स केंद्र के निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह



**भोपाल।** प्रोफेसर डॉ.अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स भोपाल ने रायसेन जिले के चिकलोद कलां गांव में एम्स के अस्पताल और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी। इस अवसर पर कर्नल डॉ अजीत कुमार, उप निदेशक प्रशासन, एम्स भोपाल, डॉ. अरुण एम कोकने, विभागाध्यक्ष, सामुदायिक और परिवार चिकित्सा विभाग, प्रोफेसर डॉ. राजकुमार पाटिल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। ग्रामीण समुदाय की स्वास्थ्य देखभाल के एक हिस्से के रूप में, एम्स के डॉक्टरों द्वारा एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से चिकलोद क्षेत्र की सेवा की जा रही है। इन सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए एम्स भोपाल द्वारा चिकलोद में अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें रायसेन जिले की लगभग 50000 ग्रामीण आबादी को निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक और पुनर्वास सेवाओं सहित व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जाएगीं। यहां एम्स भोपाल के मेडिकल और नर्सिंग छात्रों के लिए आवासीय पोस्टिंग का प्रावधान रहेगा। डॉक्टरों और विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। आस-पास के वन क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाली व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र का चयन किया गया है ।

## सम्पादकीय

# विपक्षी एकता की उम्मीदें बढ़ीं!

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह से अन्य पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की, उससे एक बार फिर उम्मीद जताई जाने लगी है कि अब विपक्षी एकता के प्रयासों में ठोस प्रगति देखी जा सकेगी। लालू के बेटे तेजस्वी तो उनके साथ ही थे, वहां उनकी कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के साथ ही राहुल गांधी से भी लंबी मुलाकात हुई है। नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व भी सौंपा



जा सकता है।

असल में पिछले मंगलवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित अपने लेख में इस बात को फिर रेखांकित किया कि कांग्रेस समान विचारों वाले दलों के साथ मिलकर चलने को प्रतिबद्ध है। उधर, नीतीश कुमार कई महीनों से विपक्षी एकता सुनिश्चित करने के प्रयासों में लगे थे, लेकिन कुछ बाधाओं के चलते उनके प्रयास कारगर ढंग से आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि के चंद्रशेखर राव की बीआरएस, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की दिलचस्पी कांग्रेस को विपक्षी पार्टियों के मोर्चे से बाहर रखने में दिख रही थी। साथ ही, नीतीश कुमार का मानना था कि कांग्रेस को शामिल किए बगैर विपक्षी एकता का कोई मतलब नहीं बनता।

नीतीश कुमार की उदासीनता की बड़ी वजह यह थी कि खुद कांग्रेस नेता भी उनके प्रयासों को वैसी तवज्जो नहीं दे रहे थे, जैसी उन्हें अपेक्षा थी। इस बीच, राहुल गांधी की सांसदी छिनने के मुद्दे पर अधिकतर विपक्षी दल साथ आए, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार के एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू ने उनकी एकता पर सवालिया निशान लगा दिया। उस इंटरव्यू में पवार ने अडाणी मामले पर जेपीसी जांच की विपक्ष की मांग से खुद को अलग करते हुए कहा कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में विशेषज्ञों की एक जांच समिति गठित कर दी है, इसलिए अब जेपीसी जांच की मांग का कोई मतलब नहीं है।

शरद पवार के इस मुद्दे से शायद कोई विपक्षी दल सहमत नहीं दिखा और इसीलिए इसे दूसरे विपक्षी दलों ने तूल नहीं दिया और संयत रुख दिखाया। परदे के पीछे चली गतिविधियों का परिणाम की कहा जा सकता है कि विपक्षी दलों की आपसी समझ फिर से दिखने लगी। न केवल तृणमूल और आप जैसी पार्टियां कांग्रेस के करीब नजर आईं बल्कि इन सबसे खुद को अलग करते पटना में बैठे नीतीश कुमार भी दोबारा सक्रिय हो गए। मंगलवार को दिल्ली आकर पहले वह राजद नेता लालू प्रसाद से मिले और बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बात की। इस बीच कहीं से समर्थन न मिलते देख शरद पवार को ऐसा लगा कि कहीं वे विपक्ष में अलग-थलग न पड़ जाएं। शायद इसीलिए पवार का यह महत्वपूर्ण बयान भी आ गया कि जेपीसी जांच की मांग से असहमत होते हुए भी बाकी दलों के रुख के मद्देनजर एनसीपी इसका विरोध नहीं करेगी।

ये सब इस बात के संकेत हैं कि अगर कोई नई बाधा नहीं आई तो विपक्षी दलों के बीच एकजुटता को लेकर मोटी-मोटी सहमति बन जाएगी और ज्यादा बारीक पहलुओं पर बातचीत आगे चलती रहेगी। मगर भूलना नहीं चाहिए कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव और इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से दो राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है। कर्नाटक के साथ अगर इन राज्यों में पार्टी का प्रदर्शन बढ़िया रहता है तो विपक्षी दलों की एकता में उसकी बड़ी भूमिका सुनिश्चित हो सकती है। वैसे राहुल गांधी की सदस्यता का मुद्दा अपने आप में बड़ा मुद्दा हो चुका है और भाजपा स्वयं इस मामले में बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहती। वहीं, राहुल गांधी लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। उनके बयानों से नहीं लगता कि वे सांसदी जाने से घबरा गए हैं या सुरक्षात्मक रवैया अपनाएंगे।

जहां तक नीतीश और उनकी पहल का सवाल है तो चूंकि नीतीश और लालू यादव हिंदी बैल्ट के एक बड़े वर्ग का नेतृत्व करते हैं। अखिलेश यादव भी उनसे अलग नहीं जाएंगे। कहीं न कहीं विपक्षी पार्टियों में राहुल गांधी के नेतृत्व से असहमति दिखाई दे रही थी, राहुल ने साफ कर दिया है कि वे न तो कांग्रेस का नेतृत्व करेंगे और न ही संयुक्त विपक्ष का। इसलिए अब माना जा रहा है कि नीतीश संयुक्त विपक्ष का नेतृत्व कर सकते हैं। यही कारण है कि नीतीश की इस पहल से विपक्ष में एकता की उम्मीद एक बार फिर बनने लगी है।

राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी

# 36 मौतों पर भारी पड रहा है वोटों का गणित

**अरविंद तिवारी**

आखिर ऐसी कौनसी परिस्थिति बनी जिसके



चलते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कहना पड़ा कि इंदौर में 36 लोगों की मौत के बाद नगर निगम ने मूर्तियां हटाकर जो निर्माण तोड़ दिया था, वहीं पर नया मंदिर बनाया जाना चाहिए। इसके पीछे उन्होंने जनभावना की बात कही।

दरअसल, घटना के बाद प्रशासन, पुलिस और नगर निगम ने संयुक्त कार्यवाही में बावड़ी पर छत डालकर बनाएं इस मंदिर तथा बगीचे में ही बिना अनुमति के बनाए जा रहे मंदिरनुमा निर्माण को जमींदोज कर दिया था। इस घटना के बाद जिस अंदाज में इंदौर के सिंधी समाज ने अपना रोष व्यक्त किया, उससे लगने लगा था कि नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को इंदौर में एक बड़े वोट बैंक से हाथ धोना पड़ सकता है। संभवत: यही डर मुख्यमंत्री की घोषणा का कारण बना।

**जिम्मेदारी निभाने पहुंचे, जाले साफ हो गए**

इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में घूम रहे हैं। इनके दौरों का मकसद पार्टी के नए पुराने लोगों से रूबरू होकर नब्ज टटोलना है। इस कवायद में जो मैदानी फीडबैक मिल रहा है उसने नेताओं के जाले साफ कर दिए हैं। रिश्ते निभाए बिना यदि यही मैदानी हकीकत इमानदारी से दिल्ली तक पहुंच गयी तो फिर मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले बड़ा बदलाव तय है।

तीन सर्वे: तीनों की अलग-अलग कहानी

आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा व संघ कितना फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं, इस बात का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि पार्टी अपने वर्तमान विधायकों की हालत जानने और उनके संभावित विकल्प तलाशने के लिए तीन अलग-अलग सर्वे करवाए जा रहे हैं। पहला सर्वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से है, जिसका दूसरा दौर शुरू हो गया है। एक सर्वे भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व करवा रहा है, जो भी लगभग पूर्णत-की ओर है। तीसरा सर्वे संघ की ओर से है और इस सर्वे के नतीजे काफी हद तक उम्मीदवारी का फैसला तय करवाएंगे।

**कमलनाथ के लिए आसान नहीं है इंदौर के कांग्रेसियों से निपटना**



अब तो कमलनाथ ने भी शायद यह मान लिया है कि इंदौर के कांग्रेसियों से निपटना आसान काम नहीं है। दो महीने से ज्यादा समय हो गया, लेकिन कमलनाथ जैसे कद्दावर नेता शहर कांग्रेस अध्यक्ष के मामले में किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाए।

पिछले दिनों जब वे इंदौर आए, तब भी यह मुद्दा उठा तो वे इतना कहकर चुप्पी साध गए कि अभी हम सभी से बात कर रहे हैं। अब यह तो कमलनाथ ही बता पाएंगे कि बात किससे हो रही है और कहां नहीं बन पा रही है। वैसे अपनी इंदौर यात्रा के दौरान उन्होंने खेल प्रशाल में जो नजारा देखा, उससे यह तो साफ हो ही गया है कि इंदौर से जो संदेश वे देना चाहते हैं, वह फिलहाल तो होता नहीं दिखता।

**अभी तो नंबर वन पर सुलेमान ही माने जा रहे हैं**



जैसे-जैसे इकबाल सिंह बैंस का विस्तारित कार्यकाल खत्म होने की तारीख नजदीक आती जा रही है मध्य प्रदेश के नए मुख्य सचिव को लेकर फिर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

फैसला किसके पक्ष में होगा यह तो सिर्फ दो ही लोग जानते हैं। पहला बड़े सरकार और दूसरा बड़े साहब। लेकिन इस सब के बीच सबसे मजबूत विकल्प के रूप में तो मोहम्मद सुलेमान का नाम ही उभर कर सामने आ रहा है।?

**आशीष सिंह के कारण अविनाश लवानिया को फायदा**



भोपाल कलेक्टर के रूप में सम्मानजनक कार्यकाल पूरा कर चुके अविनाश लवानिया को मध्य प्रदेश जल निगम का एमडी बनाने के आदेश ने कईयों को चौंकाया था। दरअसल लवानिया के मामले में कोई भी फैसला बहुत सोच समझ कर लिया जाता है। लेकिन दो दिन बाद ही जब उन्हें मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम जैसे प्रदेश के सबसे मजबूत निगम के एमडी की कमान सौंपी गई तब ऐसा लगा मानो गलती सुधार ली गई है। वैसे प्रशासनिक हलकों में तो कहा जा रहा है कि आशीष सिंह के कारण अविनाश लवानिया का फायदा हो गया।?

**परेशान पीएचक्यू आखिर किसकी बात मानें**

पुलिस मुख्यालय को इन दिनों बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिक्कत यह है कि सत्ता के माइक वन और टू के बीच जो खींचतान चल रही है उसमें पीएचक्यू तक अलग-अलग निर्देश पहुंच रहे हैं। स्वाभाविक है कि माइक वन की पसंद को ही तवज्जो मिल रही है पर इसका खामियाजा दूसरे मोर्चे पर भुगतना भी पड़ रहा है। जरा पीएसक्यू से गृहमंत्री तक पहुंचने वाली फाइलों की स्थिति तो पता कीजिए।

**चलते चलते**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बहुत ही प्रिय माने जाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता माला सिंह ठाकुर का जन्मदिन इस बार जिस अंदाज में मना उससे कईयों की नींद उड़ना स्वभाविक है। इस आयोजन की खासियत यह थी कि इसका न्यौता सिर्फ राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र के साथी संघनिष्ठ तथा शहर हित में काम करने वाली महिलाओं को ही पहुंचा था।

**पुछल्ला**

बड़ा सवाल यह है कि यदि विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक गौरव रणदिवे और राजेश सोनकर को शहर और जिला अध्यक्ष पद के दायित्व से मुक्त किया जाता है तो फिर यह भूमिका किसे मिलेगी। ? जरा आप भी दिमाग चलाइए।

**अब बात मीडिया की**

इंदौर के बेलेश्वर महादेव मंदिर हादसे में 36 लोगों की मौत के बाद स्थगित किया गया भास्कर उत्सव अब संभवत है 20 या 21 अप्रैल से होगा।

जागरण प्रबंधन ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में नईदुनिया व नवदुनिया के सिटी सप्लीमेंट को नया आकार देने के लिए तगड़ा बजट मंजूर किया। मकसद इसे सिटी भास्कर के मुकाबले में लाने का है, लेकिन फिलहाल तो ऐसा कुछ दिख नहीं रहा है। इसके लिए न तो नए रिक्रूटमेंट हुए न ही अतिरिक्त संसाधन जुटाए गए। खबरों का बोझ भी सिटी टीम पर ही आ गया है। चर्चा है कि इतने बड़े बजट का उपयोग आखिर हो कहां रहा है।

सालों तक सांध्य दैनिक प्रभात किरण में सेवाएं देने वाले वरिष्ठ पत्रकार राजेश राठौर जल्दी ही नई भूमिका में नजर आएंगे। घमासान डॉट कॉम के नाम से पहले से ही वेब पोर्टल संचालित कर रहे राठौर अब एक अखबार निकालने की तैयारी में हैं। अभी लेआउट और प्लानिंग पर काम चल रहा है।

दैनिक भास्कर के नेशनल ग्रूमिंग प्रोग्राम के तहत चयनित युवा पत्रकारों से खुद एमडी सुधीर अग्रवाल रूबरू होकर विस्तृत संवाद कर रहे हैं।

लंबे समय तक नई दुनिया के अलग-अलग ब्यूरो में प्रभारी रहे वरिष्ठ पत्रकार डॉ विवेक वर्धन श्रीवास्तव अब मासिक पत्रिका रविवार डाइजेस्ट के फीचर एडिटर की भूमिका में नजर आएंगे।

अखबारों में रिकवरी फील्ड के एक्सपर्ट रिंकेश तिवारी पत्रिका में एक बार फिर रिकवरी की कमान संभालेंगे।

# शिक्षक से लेकर भजन गायक और धार्मिक वक्ता बतौर लोहा मनवाया शिवराज ने

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

दर्शन शास्त्र से स्नातकोत्तर कर हमीदिया कॉलेज में अध्यापन कार्य किया। शिक्षक बन शिक्षण कार्य करना पसंद था। नियति ने राजनीति में भेजा, तो यहां भी शिक्षण कार्य कर रहा हूं। आजकल लाड़ली बहना योजना से बहनों को शिक्षित कर रहा हूं। यह अभिव्यक्ति शिक्षकों के सामने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर रहे थे। दार्शनिक अंदाज में शिवराज बोले कि जीवन बहुत छोटा है। बच्चे माटी का लौंधा होते हैं। जैसा ढालोगे वैसे बन जाएंगे। गुरु की बड़ी भूमिका है बच्चों का भविष्य बनाने में। अपने गुरु श्री रतनलाल को याद किया कि उन्होंने मुझे बेहतर वक्ता बना दिया। यहां तक पहुंचा दिया।



आपको भी गुरु के रूप में जो कार्य मिला है, उसे सर्वश्रेष्ठ तरीके से संपन्न करना। यह कार्य भी सबको नसीब नहीं हुआ। लाखों लोगों ने कोशिश की होगी, उसमें हजारों लोग ही नियुक्त हो पाए हैं। ऐसा न करना कि कल सिंगरौली में नियुक्ति मिली, तो ट्रांसफर कराने में जुट गए। जहां नियुक्ति मिले, वहां पूरी ईमानदारी से अपना काम शुरू कर देना ताकि बच्चे याद करें कि हमारे गुरु थे। सीएम हाउस में नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें भरपूर शिक्षा की घुट्टी भी पिलाई। यह इन शिक्षकों की खुशकिस्मती ही थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इन नव नियुक्त शिक्षकों को वर्चुअली संबोधित कर बेहतर कर्तव्य निर्वहन की शिक्षा दी। वैसे जिस बात को मुख्यमंत्री ने दार्शनिक अंदाज में शिक्षकों के सामने बयां किया, वह दिनभर उनके आचरण में परिलक्षित होता रहा।

गुरुओं संग आत्मीय संवाद के बाद मुख्यमंत्री शिवराज शुजालपुर में लाड़ली बहनों से रूबरू हुए। तो यहां बेटे-बेटियों में भेदभाव न करने की शिक्षा दी और लाड़ली बहना योजना के बारे में शिक्षित किया। फिर शाम को विदिशा में बागेश्वर धाम महाराज की कथा के मंच पर पहुंचे तो माइक पकड़ श्रेष्ठ कथा वाचक की तरह हनुमान की भक्ति का प्रसंग सुना दिया। और फिर पूरा भजन सुनाकर श्रोताओं को झूमने का अवसर दिया, साथ ही हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे धुन पर लाखों श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। इन भूमिकाओं में शिवराज सौ फीसदी खरे साबित हुए और यही शिवराज की जन-जन के मन में पैठ करने की टीआरपी भी है। चार बार और सोलह साल के इस मुख्यमंत्री की यही सहजता, सरलता और कार्यकुशलता जैत में पले बढ़े शिवराज को दूसरे राजनेताओं से भिन्न तो बनाती है।

मुख्यमंत्री निवास में नवनियुक्त शिक्षकों से शिक्षक को गुरु बनने का आह्वान करते हुए शिवराज बोले बच्चे मिट्टी के लौंदे होते हैं, उन्हें शिक्षक जैसा चाहे बना सकते हैं। स्वयं के लिए गुरू बनने का संकल्प लेंगे तो बच्चों को बनाने, मध्यप्रदेश को बनाने और भारत को बनाने में सबसे बड़ा योगदान देंगे। आप नया मध्य प्रदेश और नया भारत गढ़ सकते हैं। आचरण से ही हम सिखा सकते हैं सिर्फ भाषण से नहीं। चरित्रवान बच्चों के निर्माण से भारत बनकर खड़ा हो जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि शिक्षा मनुष्य को मनुष्य बनाती है। शंकराचार्य जी ने भी शिक्षा को इस लोक और परलोक में भी सही दिशा देने में उपयोगी बताया था। शिवराज ने कहा कि शिक्षा के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं- विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देना। तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 60 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के शिवराज सरकार के लक्ष्य और मध्यप्रदेश का शिक्षा सर्वे में देश में 17 वें स्थान से छलांग लगा कर 5 वें स्थान पर आने को बड़ी उपलब्धि बताया। तारीफ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ने बिना शोर मचाए यह उपलब्धि हासिल की। इस तरह का कार्य करने के लिए समर्पण की आवश्यकता होती है। इसके बिना यह संभव नहीं होता। एक तरह से यह मौन साधना का भाव है। शिक्षा के प्रति भक्ति भाव से यह संभव होता है।

तो शुजालपुर में लाड़ली बहना योजना से हजारों बहनों को शिक्षित कर शिवराज ने बहनों से मांगा कि महिला सशक्तिकरण के इस अभियान में हर बहन अपने भैया का साथ दे। मैं प्रदेश की सभी बहनों का सगा भाई हूँ। मैं आपकी जिंदगी खुशियों से भरना चाहता हूँ। मेरा यह प्रयास है कि मेरी किसी भी बहन-बेटी की आँखों में आँसू न आए। हर गाँव में लाड़ली बहना सेना बनाई जाए, जो लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन को तो देखे ही, साथ ही समाज-सुधार के कार्य भी करे। शिवराज ने एक और वादा किया कि देश की धरती पर कोई भी बच्चा अनाथ नहीं है। ऐसे सभी बच्चे जिनके माँ-बाप नहीं है वह राज्य के बच्चे हैं। उनके रहने, खाने-पीने, पढ़ाई आदि की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। तो यहां भी बहनों का दिल जीतने में दार्शनिक अंदाज में शिवराज नजर आए।

वहीं मुख्यमंत्री शिवराज ने विदिशा में परमात्मा की प्राप्ति के लिए तीन मार्गी सिद्धांतों ज्ञान, भक्ति और कर्म मार्ग पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारियों को नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जनता को ठीक दिशा दिखाना और सुखी बनाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उपस्थितों से कहा कि कोई मास्टर है तो बच्चों को ठीक से शिक्षा प्रदान करे, डॉक्टर है तो अच्छे से इलाज करे गरीबों से पैसा न मांगे। कर्मचारी है तो वह रिश्वत न ले। यहां शिवराज ने हनुमानजी की रामभक्ति कथा प्रसंग सुनाया तो भजन राम भजन सुखदाई, भजन करो भाई, यह जीवन दो दिन का गाया और राम-कृष्ण धुन सुनाकर खुद को और भक्तिभाव से भरे श्रोताओं को संतृप्त किया।

तो शिवराज के लिए और शिवराज को सुनने वाले श्रोताओं के लिए 12 अप्रैल 2023 का पूरा दिन खास था। यहां शिवराज सिर्फ और सिर्फ शिक्षक, वक्ता, धर्म और भक्तिभाव में सराबोर दिखे। हर भूमिका पर पूरी तरह से खरे साबित हुए। दर्शन, शिक्षा और भक्तिभाव की ऐसी त्रिवेणी का अनूठा संगम एक ही दिन में अलग-अलग जगह बिरले ही देखने को मिलता है। बाकी दिनों में तो आरोप-प्रत्यारोपों और औपचारिक व्यस्तताओं का दौर शिवराज को भी बोझिल कर देता होगा। पर दर्शन, भक्ति और शिक्षा संग पूरा दिन बिताना शिवराज और श्रोताओं दोनों के लिए वाकई उपलब्धियों से भरा एक विशिष्ट दिन था। वाकई शिक्षक से लेकर भजन गायक और धार्मिक वक्ता बतौर लोहा मनवाया शिवराज ने।

# हे! सांसद, बताओ आपका क्या यही कर्तव्य है?

**-राकेश दुबे**

जनता अपने को ठगा सा महसूस कर रही है। जिन्हें सांसद चुना, वे ही सदन नहीं चलने देते। देश हित की कार्यवाही करने की तनख्वाह सांसद लेते हैं, उसे न करके सिर्फ़ राजनीति करते हैं। हाल ही में संसद के दोनों सदनों में बजट सत्र का दूसरा भाग भी पूरी तरह राजनीतिक गतिरोध की भेंट चढ़ गया। यूं तो विभिन्न मुद्दों पर गतिरोध के चलते विपक्षी दलों का हंगामा करना आम बात है। लेकिन संभवत-यह पहली बार है कि सत्तापक्ष विरोध में विपक्ष जैसी भूमिका में नजर आया।

राहुल गांधी द्वारा ब्रिटेन में दिये गये कथित अनुचित बयानों के लिये माफी मंगवाने के मुद्दे पर सत्ता पक्ष अड़ा रहा। जिसके चलते संसद का कार्य सुचारु रूप से नहीं चल सका। वहीं विपक्ष भी अडाणी के साम्राज्य पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से उपजे विवाद पर संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर अड़ा रहा है। क्या यही देश हित है? निस्संदेह, यह गतिरोध लोकतंत्र के मज़ाक़ जैसी स्थिति उत्पन्न करता है। सत्ता से बाहर बैठे विपक्ष में सत्ता पक्ष के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाना आसानी से समझ आता है लेकिन सत्ता पक्ष का यह व्यवहार आम बात नहीं है। सत्तापक्ष लगातार राहुल गांधी से माफी मांगने पर अड़ा रहा। निस्संदेह, अक्सर राहुल गांधी विवादों के मुद्दों पर हमला करने के लिये एक लाइन का पंच दोहरा देते हैं, लेकिन उसमें एक परिपक्व राजनेता जैसी धीर-गंभीरता नजर नहीं आती। निस्संदेह, उठाये गये मुद्दे को आम लोगों को स्पष्ट करने के लिये जो व्याख्या की जरूरत होती है, वह नदारद रहती है।



संभव है कुछ लोग मानते हों कि राहुल गांधी को सरकार व भारतीय लोकतंत्र को लेकर विदेश में ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। निस्संदेह, विदेशी ताकतें इन बयानों व आंकड़ों को अपनी सुविधा के हिसाब से भारतीय हितों के विरुद्ध प्रयोग कर सकती हैं। लेकिन संसद मे हंगामा करने के बजाय सत्ता पक्ष को राहुल गांधी को अपनी बात कहने का अवसर तो दिया ही जाना चाहिए था। यदि संसद महसूस करती है कि राहुल गांधी ने गलत किया तो उन्हें माफी मांगने के लिये कहा जा सकता था। निस्संदेह, यदि इस अप्रिय विवाद को टाला जाता तो निश्चिय ही जनता-जनार्दन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर विचार किया जा सकता था।

संसद के गतिरोध के बीच जनता के चुने नुमाइंदों को लोकतंत्र की भाषा व संवेदना तथा संविधान के आलोक में संसद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। जनता के द्वारा चुने गये नुमाइंदों को 'चौकीदार चोर है' और 'सारे मोदी ऐसे हैं...', जैसे कटु व अप्रिय बोलों से बचना चाहिए। जाहिर है आप जब ऐसी भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो उसी भाषा में जवाब सुनने के लिये तैयार भी रहना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीतिक विमर्श की भाषा के स्तर में निरंतर पराभव जारी है। आरोप-प्रत्यारोपों की तल्ख भाषा का कोई अच्छा संदेश जनता में तो नहीं ही जाता। जब हम यह कहते नहीं थकते कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो चुने नुमाइंदों का आचरण उस बड़प्पन के अनुरूप भी तो होना चाहिए। कैसी विडंबना है कि पूरा सत्र सिर्फ विवादों की भेंट चढ़कर रह गया।

संसद की एक मिनट की कार्रवाई में लाखों रुपये का खर्च आता है। इस तरह देश के करदाता के करोड़ों रुपये यूं ही व्यर्थ चले गये। निस्संदेह, लोकतंत्र में राजनीति होना स्वाभाविक है, लेकिन हर मुद्दे में राजनीति हो, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आशंका है कि संसद के आने वाले कुछ और सत्र भी इसी तरह विवादों की भेंट चढ़ सकते हैं। आसन्न लोकसभा चुनावों के चलते हर दल अब जनता के हित के बजाय अपने राजनीतिक एजेंडे को संसद के जरिये संबोधित करने की कोशिश करेगा। जिसके चलते संसद के दोनों सदनों में गतिरोध स्वाभाविक रूप से पैदा ही होगा।

लोकतंत्र में नेताओं को अपनी बात कहने और अपने वोटर वर्ग को संबोधित करने का अधिकार है, लेकिन इसके लिये संसद व संवैधानिक प्रावधानों की गरिमा बनी रहनी चाहिए। संसद बहस, संवाद, विचार-विमर्श तथा चर्चा का मंच है, उसे महज वोट की राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। देश महंगाई,बेरोजगारी, पलायन व सीमाओं से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है, क्या कभी सत्तापक्ष व विपक्ष मिल-बैठकर संवेदनशील ढंग से इनका समाधान निकालने की ईमानदार कोशिश करते नजर आएंगे?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर कलेक्टर अग्रवाल ने मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली, दिये निर्देश



दमोह तेन्दूखेड़ा क्षेत्र के भ्रमण दौरान कलेक्टर हर्रई समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र पर पहुंचकर किसानों से चर्चा की और सचिव से मूलभूत सुविधाओं का जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां पर किसान अमोल सिंह ग्राम पतलोनी के साथ ही अन्य किसान भी मौजूद रहे। अमोल ने बताया कि 50 कुंटल अनाज हुआ, 37 क्विंटल वह बेचने के लिए लाया है, फसल नुकसान की जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि कोई भी नुकसान नहीं हुआ है।

# अवैध मुरम खुदाई एवं परिवहन करते डंपर जब्त



**दमोह।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बासा में अवैध तरीके से खुदाई कर ट्रक डंपर की सहायता से परिवहन कर मुरूम डंप की जा रही थी इस दौरान इसकी सूचना खनिज विभाग को लगने पर जिला खनिज अधिकारी ने मोके पर पहुंचकर वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की। जब इस कार्रवाई की संबंध मे खनिज अधिकारी मेजर सिंह से फोन पर बात की तो उनहोंने बताया की अवैध कार्य करते पाया गया,मोके पे एक डंपर को जब्त करके थाने में रखवा दिया गया।बाकी डंफर की चाबी जब्ती मे लेली है ओर जो गड्ढे माप होगी जितना मुरूम निकाली उस पर कार्रवाई करेंगे।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नि की हत्या, सरेंडर

**शिवपुरी** – बीते 11 अप्रैल को जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अवैध संबंध के शक के चलते अपनी ही पत्नि की कुल्हाडी से काटकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी पत्नि की हत्या कर सीधा थाने जा पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नि की हत्या कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते 11 अप्रैल को कलावती आदिवासी उम्र 25 साल की उसी के पति छोटू आदिवासी ने कुल्हाडी से काटकर हत्या कर दी। बताया गया है कि कलावती अपने मायके में रह रही थी और छोटू को कलावती के चरित्र पर संदेह था। जिसके चलते उसने कुल्हाडी से काटकर अपनी पत्नि की हत्या कर सीधा थाने जा पहुंचा। जहां पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नि की हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस ने मृतिका के पिता रमेश पुत्र रतनू आदिवासी उम्र 60 साल निवासी शिकारीपुरा को बुलाया और हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

# तेज रफ्तार कार- बाइक भिड़ंत, एक की मौत, एक गंभीर

शिवपुरी - सुरवाया थाना क्षेत्र के करई पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार को उड़ा दिया। जिससे बाईक पर सवार एक युवक की अस्पताल लाते समय मौत हो गई। जबकि इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही ?है। जानकारी के अनुसार दीपक पुत्र किशोरी पाल उम्र 30 साल निवाीस छिंदवाडा अपने साथी राज चंद्र जाटव पुत्र भौदू राम जाटव उम्र 38 साल निवासी गिरमानी दोनों नल जल योजना का बलारपुर में काम कर रहे ?थे। आज दोनों अपनी बाईक से किसी काम से शिवपुरी की और आ रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक महाराष्ट्र नंबर की इनोबा कार ने इन बाईक सबारों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया जा रहा था। जहां दीपक ने रास्ते में दम तोड दिया। बताया गया है कि इस हादसे के बाद ईनोवा कार का चालक भाग गया। जिसे तेंदुआ थाना पुलिस ने पकड लिया। बताया जा रहा है कि उक्त ईनोवा का चालक महाराष्ट्र से अपने गांव यूपी गया था और लौटते समय यह हादसा हो गया।

# महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन

शहडोल। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रमुख संरक्षक श्री राजेश्वर उदैनिया संरक्षक मंडल से विजय दुबे राजेश पाठक पीयूष शुक्ला अंकित एवं सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें संभाग संरक्षक श्वेताजली पाठक संभाग अध्यक्ष रिंकी दुबे संभाग संगठन महामंत्री नीलम चतुर्वेदी संभाग संयोजक संध्या शर्मा संभाग कार्यकारी अध्यक्ष अन्नपूर्णा गोस्वामी संभाग प्रभारी शिखा शुक्ला जिला संरक्षक अंजना उदैनिया जिला अध्यक्ष अंजलि उदैनिया जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा चौबे जिला संगठन महामंत्री प्रियंका शुक्ला जिला महामंत्री रमा शुक्ला जिला संयोजक सीमा द्विवेदी महिला मोर्चा की उमा राव जी पुष्पा शर्मा डॉक्टर मंजू पांडे रानी वेद सहित महिला मोर्चा की सभी सदस्य एवं कार्यक्रम में संगठन के सभी अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जन एवं युवा उपस्थित रहे।

# लैब का फर्जीवाड़ा:प्रशासन को गुमराह कर चल रही शहर में पैथोलाजी लैब, न डॉक्टर स्थायी न स्टॉफ

## सिर्फ अनुमति लेने के चक्कर में लगाए डॉक्टरों के सर्टिफिकेट, पान की दुकान की साइज वाली दुकानों में खोल रखी है लैब



धार। शहर में पैथोलाजी लैब खोलकर मोटा मुनाफा लिया जा रहा है। लेकिन लैब खोलने के नाम पर जो फर्जीवाड़ा संचालकों द्वारा किया जा रहा है, उस पर किसी का ध्यान नहीं है। दरअसल लैब संचालकों ने जो सर्टिफिकेट लगाकर अनुमतियां हासिल की है, उन नामों के डॉक्टर अधिकांश लैब पर मौजूद ही नहीं रहते। विभाग और प्रशासन को गुमराह कर संचालन की अनुमतियां तो ले ली गई है, लेकिन नियमों का पालन न करते हुए लोगों की जान से खिलवाड़ का धंधा जोरों पर चल रहा है।

यह स्थिति एक-दो नहीं बल्कि अधिकांश पर लैब पर है। कुछेक पैथोलाजी लैब ही ऐसी है, जहां पर डॉक्टरों की मौजूदगी है। पैथोलाजी लैब के फर्जीवाड़े की जब मीडियाकर्मी ने जांच शुरू की तो ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है। इनमें सबसे बड़ा फैक्ट तो यही है कि जिस डॉक्टर के नाम से अनुमतियां ली गई है, वे डॉक्टर स्थानीय न होकर बाहरी है। ऐसे में लैब पर उनकी मौजूदगी भी नहीं होना स्वाभाविक है।

**डिजीटल साइन का कर रहे उपयोग** – वहीं जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि जिन डॉक्टरों के सर्टिफिकेट लगाकर अनुमतियां ली गई है, उनकी डिजीटल साइन से ही धड़ाधड़ मरीजों के सैंपल की रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। कुछ तथ्य ऐसे भी है, जिनमें अनुमति तो किसी ओर डॉक्टर के नाम से ली गई है जबकि रिपोर्ट पर डिजीटल साइन किसी ओर डॉक्टर के है। इतना ही नहीं रबर स्टॉम्प वाली सील लगाकर भी रिपोर्ट जारी की जा रही है। ऐसे में यह कहा जाए कि लैब पर जांच कराने आने वाले मरीजों की रिपोर्ट सिर्फ अनट्रैंड स्टॉफ ही जारी कर रहा है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। लैब में नहीं जरूरी इंतजाम – इस पूरी जांच के दौरान यह सामने आया है कि शहर में संचालित होने वाली कुछ लैब ऐसी भी है जिनमें लैब संचालित करने के लिए जरूरी मापदंड का भी उल्लंघन हो रहा है। जांच सैंपल के दौरान रखी जाने वाली जरूरी संसाधन और सुविधाएं तक मरीज को नहीं मिल पा रहे है। ऐसे में यदि विभाग निष्पक्ष जांच करता है तो शहर की कई लैब पर ताले डल सकते है। हालांकि यह वाइट कॉलर धंधा राजनीतिक संरक्षण के चलते काफी बड़े स्तर पर फला-फूला है। यहीं कारण है कि विभाग तक यदि शिकायत भी पहुंचे तो कार्रवाई में उनके हाथ बांध दिए जाते है।

# प्रेम की मांग पर प्रसन्न होकर शिव ने दी नगर को लाखों रुपयो की सौगात



शाजापुर। दिनांक 12 अप्रैल को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के द्वारा शुजालपुर में आयोजित लाड़ली बहना विशाल सम्मेलन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के जन सेवक प्रेम जैन ने शाजापुर नगर विकास के लिए अपनी मांग रखी इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जन हितैषी मांगों को स्वीकृति करते हुए लाखों रुपयो में 254.74 लाख की घोषणा की जिसमें वार्ड क्रमांक 4, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 20, 21, 23, 24, 25, 26 में कायाकल्प अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद शाजापुर के प्रमुख मार्ग महुपुरा चौराहा से ओमकारेश्वर मंदीर चौराहा, धानमण्डी चौराहा से पांचाल जी के घर किलारोड़ तक, किलागेट से हुसैनी चौक होते हुए आजाद चौक तक, हुसैनी चौक होते हुए एस.बी.आई. बैंक आजाद चौक तक नीलकमल क्लाथ दुकान से मीरकला होते हुए बादशाहीपुल जामा मस्जिद तक कुम्हारवाड़ा घाटी, एबी रोड कृष्णागार्डन से हाट मैदान तक ए.बी. रोड़ पीडब्ल्यूडी कार्यालय से गायत्री शक्ति पीठ के गेट तक खिरनी वाले बाबा की दरगाह से लक्ष्मी नगर हनुमान मंदीर तक, शहीद भगतसिंह चौराहा से ज्योति नगर मे अब्दुल परवेज खान के घर तक, बस स्टेण्ड एवं जिला चिकित्सालय से जुड़े प्रमुख मार्गो का डामरीकरण एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य का वर्चुअल भूमि पूजन किया गया एवं शाजापुर नगर के माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य हेतु 04 करोड रूपये राशी स्वीकृति की नगर पालिका अध्यक्ष श्री जैन द्वारा आभार प्रकट कर प्रदेश के जननायक मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षद गण व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने कहा शाजापुर नगर विकास के लिए आने वाले समय में तेजी से विकास कार्य के साथ ही नगर सौंदर्यीकरण की भूमिका भी तैयार की जा रही है,,,

# संभागायुक्त ने लाड़ली बहना शिविर का किया निरीक्षण

## पात्र महिलाएं एक भी न छूटे, घर से बुलाकर फॉर्म भरवाएं



छतरपुर। नवागत संभागायुक्त सागर डॉ वीरेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को छतरपुर भ्रमण के दौरान शहर के ऑडिटोरियम में नगरपालिका द्वारा वार्ड नंबर 29 से 33 तक के लगाए गए शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शिविर का कलेक्टर संदीप जीआर के साथ निरीक्षण किया और प्रगति की जानकारी ली। संभागायुक्त डॉ रावत ने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मैदानी अमला पात्र महिलाओं को शिविर पर लाए और आवेदन भरवाएं। जिससे कोई भी पात्र महिलाएं छूटे नहीं। उन्होंने आवेदन भरने आई महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि कोई समस्या तो नहीं आ रही फॉर्म भरने में, साथ ही किसी के द्वारा पैसों की मांग तो नहीं की गई। महिलाओं द्वारा सकारात्मक जवाब मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी को बताया कि आवेदन फॉर्म, समग्र ई-केवायसी, बैंक से आधार लिंकिंग सभी निःशुल्क है। साथ ही शिविर में आने से पहले बैंक जाकर डीबीटी जरूर कराएं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर रमन, महिला बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।

## भोजपुर विस में 2 प्रत्याशियों की चर्चा जोरों पर

# पूर्व वरिष्ठ भाजपाई के बेटे, तो नागर मुख्यमंत्री के खासमखास





औबेदुल्लागंज। आगामी विधानसभा चुनाव में भोजपुर क्षेत्र से गौरीशंकर नागर एवं जय प्रकाश शर्मा को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी घोषित करने के कयास लगाये जा रहे हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्रीय विधायक की मांग उठने लगी है। सूत्रों के मुताबिक चर्चाएँ हैं कि क्षेत्र का व्यक्ति ही विधायक हो। विश्वशनीय सूत्रों की माने तो भोजपुर क्षेत्र में गौरीशंकर नागर व जेपी शर्मा के नाम को लेकर चर्चाएं तेज़ हैं। गौरशंकर नागर 13 वर्षों की उम्र से और जय प्रकाश शर्मा जेपी शर्मा क्षेत्र में सक्रियता देखा रहे हैं, जिससे साफ है कि विधायक की दावेदारी जय प्रकाश शर्मा रख चुके हैं। आपको बता दें कि गौरी शंकर नागर भोजपुर क्षेत्र में जन साधारण की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। गौरी शंकर नागर मिलसार एवं हसमुख छबि के व्यक्तित्व के धनी हैं।

गौरी शंकर नागर ने भाजपा में कई प्रमुख पदों रहे हैं वहीं, जेपी शर्मा के पिता रामकिशोर शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के करीबियों में से एक थे एवं साड़ा अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने नगर व क्षेत्र के लिए कई विकास कार्य करवाये हैं एवं उम्रदराज़ होने के साथ तबियत ठीक हो या न हो तब भी सामाजिक क्रियाकलापों में सम्मलित रहते हैं। राम किशोर शर्मा के बड़े लड़के हैं जय प्रकाश शर्मा. जित हो कि वर्तमान में गौरी शंकर नागर अखिल भारतीय नागर, धाकड़ महासभा के महामंत्री हैं। भाजपा को डर है कि कॉग्रेश परेश नागर को टिकेट न दे, दे क्योकि परेश नागर ने कम उम्र से क्षेत्र में परेश की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है वहीं, आदिवासी वरिष्ठ नवता विनोद इरपाचे के नाम भी सुर्खियों में है। भाजपा के गौरी शंकर नागर बीजेपी के केंद्रीय मंत्रियों से लेकर एवं मुख्यमनंत्री शिवराज सिंह के युवा अवस्था के साथी रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश के द्रोणाचार्य कहलाने वाले सुरेश पचौरी को 30 हज़ार मतों से हराकर इतिहास रच था, जिससे पटवा की टिकट कटना इस बार भी सम्भव नही लग रही। सम्भतः गौरी शंकर नागर संगठन की पहली पसंद बताये जा रहे हैं वहीं, जेपी शर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व- सुषमा स्वराज्य के विदिशा क्षेत्र के खास विश्वसनीय लोगों में से एक थे। जय प्रकाश शर्मा भी कई केंद्रीय एवं क्षेत्र के मंत्रियों के संपर्क में हैं एवं प्रचार की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। आने वाला समय बतायेगा ऊंट किस करवट बैठता है।

# मां के प्रेमी को बेटे ने उतारा मौत के घाट, मूसल से दिया वारदात को अंजाम



सीहोर। बुधनी के ग्राम खाण्डाबड़ मे हुये हत्याकाण्ड की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि महिला का बेटा ही है, उसने अपनी मां को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख कर अपना आपा खो दिया और प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी बेटे को बुधनी पुलिस ने 06 घंटे के अन्दर किया गिरफतार कर लिया

पुलिस के अनुसार दिनांक 11 अप्रैल को डायल 100 पर सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम खाण्डाबड़ में कुंवरसिंह नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना पर बुधनी पुलिस मौके पर पहुंची जहां जयराम भंवर के घर के सामने मृतक कुंवरसिंह पिता रामसिंह बारेला का शव पड़ा हुआ था उसके सिर पर चोटो के निशान थे सूचना पर थाना बुदनी मे अपराध क्रमांक 119/23 धारा 302 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों नेतृत्व में एवं एसडीओपी शशांक सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी विकास खिचीं के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घटना के आरोपी सुनील बारेला पिता रामलाल बारेला उम्र 22 साल निवासी ग्राम खाण्डाबड़ को गिरफ्तार किया गया प्रकरण का घटनाक्रम कुछ इस तरह से है मृतक कुंवरसिंह पिता रामसिंह बारेला उम्र 50 साल निवासी ग्राम खाण्डाबड़ जो की नसरूल्लागंज में खेत की रखवाली करता है। दिनांक 11 अप्रैल को मृतक कुंवरसिंह शाम को जयराम भंवर के घर आया था ,जयराम भंवर अपनी बेटी के साथ गांव में गया था, उस समय मृतक कुंवरसिंह घर पर अकेला था । मृतक का गांव की ही एक महिला से प्रेम प्रसंग था एवं महिला मृतक से मिलने जयराम के घर पहुंची थी, कुछ देर बाद महिला का बेटा सुनील भी पीछे से आ गया। जिसने अपनी मां को कुंवरसिंह के साथ देखकर मसाला पीसने का पत्थर उठाकर मृतक कुंवरसिंह के सिर मे मार दिया जिससे मृतक कुंवरसिंह की मृत्यु हो गई थी बाद मे आरोपी सुनील बारेला वहां से भाग गया।

# सेन समाज धूमधाम से मनायेगा सेन महाराज की 723वीं जयंती

छतरपुर। संत शिरोमणी श्री 108 श्री सेन जी महाराज की 723वीं जयंती 17 अप्रैल 2023 को सेन समाज एवं युवा सेन संगठन के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष भी सेन मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाये जाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं,सेन बन्धुओं के समूह सजातीय बन्धुओं को महोत्सव में शामिल होने के लिए घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पहुंच कर आमंत्रित कर रहे हैं। आयोजन की तैयारियों के संबंध में सेन मंदिर में बैठक रखी गई जिसमें महोत्सव में भव्य रूप देने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने विचार विमर्श हुआ। बैठक में हेमराज वर्मा, दिलीप सेन, नंदकिशोर ओमरे, बाबूलाल सेन दालौन,कालीचरण वर्मा,राजेन्द्र सेन,जगदीश सेन,संजय सेन, उमेश सेन,रामकुमार सेन,बलवान सेन,रामजीवन सेन,मुन्ना सेन,रविन्द्र सेन,कैलाश सेन,वीरेन्द्र सेन,प्रशांत सेन,पंकज सेन,विक्रम सेन,मनीष सेन,राजा बाबू सेन,नितिन समारी,कमलेश मंत्री,अनंत सेन,अशोक सेन,आकाश सेन,बंटी समारी आदि सजातीय बन्धु उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से पंकज सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि संत शिरोमणी सेन जी महाराज की 723वीं जयंती के अवसर पर 17 अप्रैल दिन सोमवार को समाज के श्री राधा कृष्ण सेन समाज मंदिर में श्री राधा-कृष्ण जी एवं सेन जी महाराज का अभिषेक सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा तथा सुबह 10 बजे से सत्यनारायण भगवान की कथा पूजन एवं प्रसाद वितरण होगा,तदुपरांत सायं 5 बजे से सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ किये जायेंगे जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक द्वारा शानदार रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन समिति ने जिले में निवासरत सभी सेन बन्धुओं से महोत्सव में सपरिवार सहभागी होने की अपील की है।


OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
Water Work Department
Municipal Corporation MATA MANDIR PHE CAMPUS, Bhopal
Office Telephone No. 0755-2552471

NIT No. 04/T.Sec./EE./W.W.D./2023-24 Bhopal, Dated-12.04.2023

NOTICE INVITING e-TENDER First-Call

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website.\

| S. No. | Name of Work | Probable Amount of contract (In lakh) | Earnest Money Deposit (In lakh) | Cost of Tender Document (In lakh) | Completion Period (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary Wall At Raw Water Pump House Veerpur Kolar. (MPUADDSOR BUILDING WORKS, 2021) As per Schedule/ BOQ | 12,06,553.00 | 9049.00 | 2,000.00 | 60 Days |

Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/

1. The Notice published on the above website can also be seen on website https://bmc.cnet-india.net/Hindiversion/tender.htm

2. The Bid Document can be purchased only online from 14.30 P.M. (time) 12.04.2023 (date) to 15:00P.M. (time) 05.05.2023(date). if any, would be

3. Amendments to NIT, published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper. The initial period of 6 month after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

T.N. 51/023/024

Executive Engineer
Water Works Department Municipal Corporation, Bhopal


# महात्मा ज्योतिबा फुले जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ

**नर्मदापुरम7** संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति नर्मदापुरम द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन स्वयंवरम गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे सतना के विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त ए डी एम जी.पी. माली ने की। सिद्धार्थ कुशवाहा ने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने जो संघर्ष किया हमारी पीढ़ी को यह बात जानने की बहुत आवश्यकता है। महात्मा ज्योतिबा फुले ने हर वर्ग के लिए अनेको कार्य किये। नारी शिक्षा को लेकर आपका योगदान अतुल्यनीय रहा है। समिति के अध्यक्ष अजय सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। ततपश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। समिति के सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नई दिल्ली से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी जे पी सैनी, महावीर सैनी, जबलपुर से पधारे ऑल इंडिया माली सैनी समाज के अध्यक्ष जगदीश सैनी, नर्मदापुरम के एस.डी.ओ.पी पराग सैनी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नेपानगर सोहन सैनी, माली सैनी समाज भोपाल के अध्यक्ष प्रेमनारायण सैनी, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी शाहगंज के चंद्रप्रकाश सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी छाया सैनी, राष्ट्रीय फुले बिग्रेड महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रागनी सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समिति उपाध्यक्ष गोविंदा सैनी ने बताया कि माली सैनी समाज के गौरव महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 196वी जयंती पर माली सैनी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्मदापुरम के कुछ चुनिंदा पत्रकारों का सम्मान भी कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माली समाज के लोग कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुई। जिसमें माली सैनी समाज के वरिष्ठजन कुँअर सिंह सैनी, शंकरलाल सैनी, रामकृष्ण सैनी, गया प्रसाद सैनी, बसन्त सैनी, तुलसीराम सैनी, गणेश सैनी, मोहनलाल सैनी, राममोहन सैनी, रमेश सैनी, फूलचन्द सैनी, सुरेश सैनी, गजेंद्र सैनी, राधेश्याम सैनी, फूलचन्द सैनी, समिति के सचिव ब्रजमोहन सैनी, उपाध्यक्ष हरीश सैनी, कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, महेश सैनी, आलोक सैनी, कपिल सैनी, दीपक सैनी, राजेश सैनी( गुरु ) अनिल सैनी, अवधेश सैनी, शिवम सैनी, अभिषेक सैनी, जयप्रकाश सैनी, शैलेश सैनी, रमित सैनी, स्वदेश सैनी, तरुण सैनी, वीरेन्द्र सैनी मनोज मौर्य, इटारसी से कृष्णा गौर माली, राजकुमार गौर माली, दीपक सैनी, अशोक कश्यप, रायपुर से कोमल सैनी, राममोहन सैनी, सांगाखेड़ा कला से रामकुमार सैनी, पप्पू सैनी, राजू सैनी, गोविंद सैनी, बंटी सैनी सोनू सैनी, मनमोहन सैनी, मनीष सैनी, गोपाल सैनी, नरेंद्र सैनी, तरुण सैनी, नीमसाडिया से जयनारायण सैनी, रामभरोस सैनी, सतीश सैनी, नितिन सैनी, शाहगंज से रामगोपाल सैनी, कैलाश सैनी, लक्की सैनी मातृशक्ति में श्रीमति लीला सैनी, श्रीमति कमला सैनी, श्रीमती शोभा सैनी, श्रीमती वर्षा सैनी, श्रीमति अनामिका सैनी, श्रीमती शीला सैनी, श्रीमति ममता सैनी, श्रीमति राखी सैनी, श्री मति हेमलता बागड़ी, श्रीमति माया सैनी, श्रीमती अर्चना मौर्य, कु. विनीता सैनी, साक्षी सैनी, प्रिया सैनी आदि मातृशक्ति एवं समाजिक बन्धुगण उपस्थित रहे।


कार्यालय नगरपालिका, खरगोन जिला, खरगोन म.प्र.

निविदा सूचना क्रमांक/16/MCK/4058/ई-टेडर/2023 खरगोन, दिनांक 11.4.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों/ टेंकर मालिको से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ.क. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 267049_1 Date-12-04-2023 | शहर में पेयजल परिवहन हेतु निकाय को 10 नग ट्रेक्टर टेंकर (ड्रायवर सहित) को किराये पर लिया जाना। (क्षमता 5000 लीटर) | 2 माह लागत - 3.00 लाख | 2000/- 3000/- | 24.04.2023 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खरगोन | (भोलू कर्मा) उपाध्यक्षयक्ष नगर पालिका परिषद, खरगोन | (श्रीमती दुर्गा किशोर राठौर) सभापति, जल कार्य विभाग नगर पालिका परिषद, खरगोन | (प्रियंका पटेल) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, खरगोन

## शक्ति पम्पस् की स्विचिंग सर्किट टू स्टार्ट सिंगल फेज - इंडक्शन मोटर को मिला पेटेंट

**पीथमपुर, एजेंसी।** एनर्जी एफिशिएंट पम्पस् और मोटर्स के अग्रणी निर्माता शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड, को स्विचिंग सर्किट टू स्टार्ट सिंगल फेज-इंडक्शन मोटर के लिए पेटेंट मिला है। कंपनी को यह पेटेंट इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑर्गनाइजेशन द्वारा दिया गया है। पेटेंट एक्ट, 1970 के प्रावधानों के अनुरूप इस पेटेंट की वैधता पेटेंट फाइल करने की तारीख से 20 वर्ष की होगी। भारत और विदेशों में कंपनी ने अब तक 3 पेटेंट प्राप्त किए हैं और 27 पेटेंट फाइल कर चुके हैं। श्री दिनेश पाटीदार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने इस महत्वपूर्ण पेटेंट मिलने पर कहा-हमें बेहद खुशी है कि शक्ति पम्पस् की रिसर्च टीम द्वारा किए गए इन प्रयासों को मान्यता मिल रही है। नेतृत्व करने की हमारी इच्छा और क्षमताओं ने हमें उन प्रोडक्ट्स का विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया है जो न केवल अद्वितीय हैं बल्कि हमारे ग्राहकों और पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद साबित होते हैं।

## आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2023 में 102 नई शाखाएं खोलीं

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता स्थित, भारत की अग्रणी, डिजिटल रूप से विकसित एनबीएफसी- एमएफआई, आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेडने पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर- पूर्व भारत के वंचित राज्यों में अपना विस्तार करने के लिए वित्तवर्ष 23में अपनी 102नई शाखाएं खोली हैं। मार्च तक इस एनबीएफसी- एमएफआई की 15 राज्यों में लगभग 835 शाखाएंथीं।ये 102 नई शाखाएं पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में खोली गई हैं तथा अतिरिक्त संचालन असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय,ओडिशा,तेलंगाना और त्रिपुरा राज्यों में होगा।आरोहण अर्द्धशहरी और ग्रामीण इलाकों में विस्तार के लिए भारी निवेश कर रहा है, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के विशाल अवसर उत्पन्न कर रहा है, साथ ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए कर्ज़ लेना आसान बना रहा है। इसकी नई बिज़नेस लाइन, आरोहण प्रिविलेज डिजिटल लेंडिंग माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए भारत का पहला डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म है। आरोहण प्रिविलेज डिजिटल लेंडिंग के तहत, ग्राहकों को आवेदन स्वीकार होने के 5-10 मिनट में ऋण मिल जाएगा, सुरक्षित तरीके से ऋण के ऑनलाइन पुनर्भुगतान की सुविधा और समय पर पुनर्भुगतान करने पर आकर्षक कैश-बैक आदि जैसे लाभ मिलेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नियमों से ऑनलाइन गेमिंग

**मुंबई , एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने देश में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को विनियमित करने के लिए पिछले सप्ताह आईटी नियमों को अधिसूचित किया। यह ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अब तक एक नोडल मंत्रालय और एक राष्ट्रीय नियामक ढांचे के अभाव में चुनौतियों से जूझ रहा था। इन नियमों की अधिसूचना के साथ, अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि ऑनलाइन गेमिंग केंद्र सरकार के विनियामक दायरे के एक्सक्लूसिव डोमेन के भीतर है और राज्य केवल सट्टेबाजी और जुए से संबंधित मामलों पर कानून बनाएंगे जो आईटी नियम के तहत स्वीकृत सभी गेमिंग प्रारूपों को बाहर कर देंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, ''ऑनलाइन गेमिंग के लिए आईटी नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद राज्य सरकारों द्वारा ऑनलाइन जुए को विनियमित करने की आवश्यकता नहीं है।''सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट गोपाल जैन ने कहा, ''ये नियम ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को देश भर में बहुप्रतीक्षित कानूनी मान्यता देते हैं।

## हिंडालको महान ने आदर्श गाँव बनाने हेतु आयोजित की ग्राम विकास कार्यशाला

**बरगंवा, एजेंसी।** हिंडालको महान ने निगमित सामाजिक दायित्व के तहत स्थानीय लोगो का आर्थिक व सामाजिक विकास के साथ साथ ग्राम का विकास कैसे हो इस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बरगंवा जनपद पंचायत के पंचायत अध्यक्षा प्रमिला वर्मा समेत बरगंवा जनपद के पार्षदों ने भाग लिया,साथ ही मझिगँवा, घिंनहा गांव, पोखरा, धरसड़ा, गिधेर, बड़ोखर, ओड़गड़ी, सज़हर, जोबगढ,के सरपंचो ने भाग लिया। कार्यक्रम में हिंडालको महान द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य हिंडालको महान व पंचायत विभाग के मद का सही उपयोग कैसे हो साथ ही दोनों मिलकर गांव को आदर्श गांव के लिये क्या मास्टर प्लान हो इस पर रॉकर्स क्लब में कार्यशाला आयोजित हुई।

## थिंक गैस ने सीएनजी की कीमतों में कमी करने की घोषणा की

**मुंबई।** थिंक गैस ने मध्य प्रदेश में कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में कटौती की घोषणा की है जो 11 अप्रैल, 2023 से प्रभावी है। थिंक गैस ने भोपाल और राजगढ़ में सीएनजी की कीमतें 5 रूपये प्रति किलो और शिवपुरी में 4.5 रूपये प्रति किलो घटाई हैं। भारत में प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के लिए देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस की मूल्य निर्धारण पद्धति भारत सरकार द्वारा संशोधित किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। थिंक गैस के अध्यक्ष (मार्केटिंग एवं कारोबार विकास) श्री संदीप त्रेहन के मुताबिक, श्इस सरकार ने सीजीडी उद्योग के लिए उपलब्ध घरेलू गैस मूल्य निर्धारण पर किरीट पारेख समिति की सिफारिशें स्वीकार कर ली हैं। इससे उद्योग को अपना परिचालन स्थिर करने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं को किफायती मूल्यों पर गैस की आपूर्ति करने का अवसर मिलेगा।

## सीएफए इन्स्टीट्यूट ने सीएफए प्रोग्राम में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की

**मुंबई।**इन्वेस्टमेन्ट प्रोफेशनल्स के एक वैश्विक संघ सीएफए इन्स्टीट्यूट ने सीएफए प्रोग्राम को विकसित करने के अपने निरंतर प्रयासों के चलते इस प्रोग्राम में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की ये परिवर्तन आज की पीढ़ी के कैंडिडेट्स के सीखने के तरीके को संबोधित करते हैं और उन्हें इस प्रोफेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करते हैं साथ ही इंडस्ट्री में आवश्यक नैतिक प्रोफेशनल्स की कमी को पूरा करते हैं। मार्गरेट फ्रैंकलिन सीएफए प्रेजिडेन्ट एवं सीईओ सीएफए इन्स्टीट्यूट ने अपनी टिप्पणी में कहा इंडस्ट्री में ये सुधार हमारे कैंडिडेट्स व एम्पलॉयर्स के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव हैं वास्तव में वर्ष 1963 में सीएफए प्रोग्राम के आरंभ होने के बाद से अब तक किया गया ये सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है हमने बड़े पैमाने पर एम्पलॉयर्स, कैंडिडेट्स, संभाव्य कैंडिडेट्स, और इंडस्ट्री के लोगों से सीधे फीडबैक प्राप्त करने के लिए गहन रिसर्च की ताकि भविष्य के इन्वेस्टमेन्ट प्रोफेशनल्स को हमारे द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ज्ञान और कौशल में प्रगति करने के सर्वोत्तम तरीकों को सूचित किया जा सके।÷हम यकीन के साथ कह सकते हैं कि जॉब मार्केट में बढ़त हासिल करने के लिए कैंडिडेट्स बेहद उत्सुक हैं और वे सीएफए प्रोग्राम द्वारा प्रदान किये जाने वाले लाभ के लिए कड़ा परिश्रम करने को तैयार हैं।

# एचडीएफसी बैंक ने 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्रेडिट लाइन के लिए एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

**अहमदाबाद।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया के साथ 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन के लिए एक मास्टर इंटर बैंक क्रेडिट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते पर त्रढ्ढस्नभ् सिटी, गुजरात में हस्ताक्षर किए गए थे। इससे एचडीएफसी बैंक को विदेशी मुद्रा कोष जुटाने में मदद मिलेगी जिसका विस्तार वह कोरिया से संबंधित व्यवसायों तक करेगा।

**इस लाइन ऑफ क्रेडिट का उपयोग एचडीएफसी बैंक द्वारा फंडिंग आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा**

1. कोरियाई कंपनियों द्वारा इक्विटी भागीदारी वाली कंपनियां
2. कोरियाई कंपनियों के साथ व्यापारिक संबंध रखने वाली कंपनियां
3. उपभोक्ता कोरिया से संबंधित कंपनियों द्वारा निर्मित कारों की खरीद के लिए

समझौते से कोरियाई संस्थाओं और उत्पादों के साथ



बैंक के व्यवसाय को बढ़ावा देने और बढ़ाने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत पहला ड्रॉडाउन मई तक होगा। **अरूप रक्षित, ग्रुप हेड, ट्रेजरी, सेल्स एनालिटिक्स एंड ओवरसीज बिजनेस, एचडीएफसी बैंक ने कहा-** ÷कोरियाई एक्जिमबैंक के साथ हमारा समझौता भारत और कोरिया के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को और मजबूत करेगा और समर्थन करेगा जो संभावित रूप से देश में अधिक नौकरियां पैदा कर सकता है। हम इस समझौते के तहत सौदों को आगे बढ़ाएंगे और कार्यक्रम का विस्तार करने पर विचार कर सकते हैं। हस्ताक्षर समारोह में एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया की टीम चौन-जे ली, महानिदेशक, इंटरबैंक वित्त विभाग के प्रमुख। ने भाग लिया। इस अवसर पर एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया से सुश्री की-यंग जंग, सीनियर लोन मौजूद थीं अधिकारी, इंटरबैंक वित्त विभाग और श्री किसंग किम, मुख्य प्रतिनिधि, नई दिल्ली प्रतिनिधि कार्यालय, एचडीएफसी बैंक का प्रतिनिधित्व श्री अरूप रक्षित, ग्रुप हेड ने किया ट्रेजरी, सेल्स, एनालिटिक्स और ओवरसीज बिजनेस, श्री कपिल बंसल, कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रेसिडेंट, हेड ओवरसीज बिजनेस ट्रेजरी, श्री आनंद अय्यर, हेड गिफ्ट सिटी आईबीयू उपस्थित थे।

# बिगब्लॉक ने वाडा में अपने एएसी ब्लॉक प्लांट में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया

**सूरत।** भारत में एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक, ईंट और पैनल के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बिगब्लॉक बिल्डिंग एलिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने महाराष्ट्र के पालघर में वाडा में अपने 5 लाख क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष क्षमता के एएसी ब्लॉक प्लांट पर वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है। वाडा संयंत्र के वाणिज्यिक संचालन से कंपनी पश्चिमी भारत में एएसी ब्लॉकों की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगी और महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत करेगी। पूरी क्षमता पर वाडा संयंत्र से रु. 200 करोड का राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है और संयंत्र में लगभग 350-400 लोगों को रोजगार मिलेगा।5 लाख क्यूबिक मीटर (सीबीएम) प्रति वर्ष क्षमता के संयंत्र स्थापित करने के लिए वाडा परियोजना के लिए कुल पूंजी व्यय लगभग रु. 70 करोड़ होने का अनुमान है। कंपनी ने पहले चरण के वाणिज्यिक संचालन के लिए अब तक परियोजना में रु. 48 करोड़ का निवेश किया है। कंपनी परियोजना के लिए राज्य सरकार से 60त्न सब्सिडी के लिए पात्र है और वाडा प्रोजेक्ट से प्रति वर्ष 1 लाख यूनिट कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने की उम्मीद करती है। (यानी एक कार्बन क्रेडिट 1 टन ष्टह्र2द्द का प्रतिनिधित्व करता है जिसे एक संगठन को उत्सर्जित करने की अनुमति है)।इस विषय पर टिप्पणी करते हुए श्री नारायण साबू, अध्यक्ष



और प्रबंध निदेशक, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने कहा, ÷वाडा संयंत्र से पश्चिमी भारत में एएसी ब्लॉक की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी बेहतर स्थिति में होगी और भारत में एएसी ब्लॉक स्पेस में अपनी नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करेगी। कंपनी की रणनीतिक विकास पहल, परिचालन दक्षता और पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ निर्माण उत्पादों को लॉन्च करने की प्रतिबद्धता निकट से मध्यम अवधि में सभी हितधारकों के लिए स्वस्थ विकास और अधिकतम मूल्य में योगदान करेगी। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में एक मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दिया है और आने वाले वर्षों में मजबूत विकास गति को बनाए रखने की उम्मीद है।थाईलैंड के एससीजी समूह के साथ एक संयुक्त उद्यम में, कंपनी कपडवंज, अहमदाबाद (गुजरात) में एएलसी पैनलों और एएसी ब्लॉकों के लिए 3 लाख क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष संयंत्र स्थापित कर रही है और गुजरात में अहमदाबाद के निकट खेडा जिले के कपडवंज में 60,000 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया है। संयंत्र के कैलेंडर वर्ष 2023 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। विस्तार के पूरा होने के बाद, कंपनी की कुल क्षमता बढ़कर 13.75 लाख सीबीएम प्रति वर्ष हो जाएगी, जिससे यह देश में एएसी ब्लॉक का सबसे बड़ा निर्माता बन जाएगा। कंपनी विस्तार के बाद हर साल लगभग 2.5 से 3 लाख यूनिट कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने की भी उम्मीद करती है।

## तिग्मांशु धूलिया ने सोनी लिव के 'गर्मी' की शूटिंग के दौरान इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के अपने पुराने दिनों को याद किया

**मुंबई।** कॉलेज के दिनों में हमें अपनी जिन्दगी के सबसे यादगार अनमोल पल मिलते हैं। नये रिश्ते और दोस्ती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कॉलेज के चुनाव एक विद्यार्थी के सफर का अभिन्न हिस्सा होते हैं और ये सभी हमें ऐसी यादें देकर जाते हैं, जो वक्तङ्कवक्त पर ताजा हो जाती हैं। तिग्मांशु धूलिया का 'गर्मी' सोनी लिव पर आने वाला एक ऐसा ही एक यूथ ड्रामा है, जिसमें युवाओं की राजनीति का दमदार नाटक दर्शकों को अपना-सा लगेगा।



खुद एक विद्यार्थी के तौर पर ऐसे दिनों से गुजरने की याद करते हुए उन्होंने कहा, ÷मैं इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में एक छात्र संगठन का सक्रिय सदस्य था। मुझे छात्र राजनीति का असली अनुभव है और अपने शो के लिये कैम्पस में दोबारा पहुँचने से मुझे अपने कॉलेज के दिन याद आ गये। हालांकि, समय बदल चुका है, लेकिन छात्र संगठनों की एनर्जी और जोश आज भी पहले जैसा ही है। अपनी कहानियों को यथार्थ का स्पर्श देने के लिये प्रसिद्ध धूलिया ने 'गर्मी' में भी वही जादू चलाया है, जिसकी शूटिंग असली जगहों पर हुई है, जिनमें इलाहाबाद यूनिवर्सिटी भी शामिल है। ÷मेरे लिये यह मायने रखता है कि मेरे शोज खास माहौल और संस्कृति में हों, ताकि कहानी का सार मिल सके, क्योंकि उसी से दशा तय होती है। प्रयागराज के स्थानीय कॉलेजों के कुछ विद्यार्थी भी 'गर्मी' में हैं। 'गर्मी' की कहानी में जान डालने के लिये प्रयागराज का उत्साह से भरा बौद्धिक और राजनीतिक वातावरण जरूरी था।

# पुलिस के लिए सर दर्द बना शातिर लड़ई तीन थानों की पुलिस टीम के हत्थे चढ़ा

### कट्टे-चाकू की नोक पर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार था

**दैनिक सांध्य प्रकाश दमोह।** दमोह. हटा एवं अन्य क्षेत्रो में लूट, डकैती, चोरी सहित कई तरह की घटनाओं का आरोपी एवं हाल ही में लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस के लिए सर दर्द बना शातिर लड़ई आखिरकार तीन थानों की पुलिस टीम के हत्थे चढ़ ही गया। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह के निर्देशन में तथा हटा एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने सफल कार्यवाही को अंजाम दिया है। हटा पुलिस थाना परिसर में एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रेस वार्ता के माध्यम से खुलासा करते हुए बताया कि 24 फरवरी को मगरोंन थाना में पीड़ता मनु तंतुवाय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अपने भाई बहिनों के साथ खडेरा माता झारखंडी आई थी। मेरी चार बहिनें जैसे ही सीढ़ियों के तरफ आये तो दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कट्टा और चाकू दिखाकर मुझसे ओर बहिनों से तीन मोबाइल व चांदी की चेन कीमत करीब 29 हजार छीन लिए। पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 31/23 धारा 392 भादवि का मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना में घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के रूप में हटा थाना क्षेत्र का आदतन अपराधी शातिर बदमाश बंसत उर्फ लड़ई काछी निवासी ग्राम बोरी खुर्द के द्वारा अपने साथियों के साथ घटना कारित करना प्रथम दृष्ट्या पाया गया। जिसके विरुद्ध हटा में चोरी आदि के 08 आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए। घटना



की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा हटा एसडीओपी के मार्गदर्शन में हटा टीआई मनीष मिश्रा के नेतृत्व में मगरोन थाना प्रभारी एसएन यादव, राजपुरा थाना प्रभारी राजीव पुरोहित, फतेहपुर चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मियों की टीम आरोपियों को पकड़ने गठित की गई।

**शातिर ने पुलिस टीम की जान हलक में अटकाई लेकिन पकड़ा गया-** शातिर बदमाश लड़ई उर्फ बसंत काछी को पकड़ने लगातार मुखबिरों की सूचना पर कई ठिकानों पर छापामार कार्यवाही में जुटी पुलिस टीम को आखिर कार बदमाश लड़ई को पकड़ने में सफलता मिल गई। पुलिस टीम की जान उस वक्त अटक गई, जब आरोपी बंसत उर्फ लड़ई को पकड़ने गई पुलिस टीम के ऊपर आरोपी ने देशी कारतूस से लोड देशी कट्टा पुलिस टीम पर तान कर जानलेवा हमला करने के प्रयास किया।

## 'सपनों की छलांग' के एक्टर संजीव जोतांगिया ने बताया कि कैसे असल ज़िंदगी लोगों से प्रेरित है उनका किरदार राधेश्याम यादव

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के नए ज़माने के ड्रामा %सपनों की छलांग% ने अपनी खास कहानी से दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। इस शो में मेघा रे लीड किरदार राधिका का रोल निभा रही हैं, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई जैसे शहर में विश्वास की छलांग लगाती है, जहां उसे अपने मां-बाप राधेश्याम यादव (संजीव जोतांगिया) और सुमन यादव (कशिश दुग्गल) के सामने यह साबित करना है कि वो अपने पैरों पर खड़ी हो सकती है और उनकी देखभाल कर सकती है। लेकिन सफल होने के लिए, राधिका को एक नए शहर में जाने की चुनौतियों से निपटना होगा, और अपनी पहली नौकरी के दबावों को संभालने के साथ-साथ अपनी तीन रूममेट्स के साथ निभाना सीखना होगा जो अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आती हैं। इस शो में एक ख्याल रखने वाले पिता के रोल को बखूबी निभा रहे संजीव जोतांगिया ने बताया कि यह किरदार सिर्फ शो की स्क्रिप्ट के पन्नों पर ही नहीं बल्कि



वास्तविक लोगों से प्रेरित है। वो बताते हैं, ÷जब से मैंने स्क्रिप्ट सुनी है, तब से राधेश्याम यादव के किरदार ने मुझमें दिलचस्पी जगाई है। अपनी उम्र के चौथे दशक की समाप्ति पर खड़ा यह आदमी, दो पीढ़ियों के बीच एक पुल का काम करता है। इसलिए, जब अपनी बेटी को शिक्षित करने की बात आती है, तो वो आपत्ति उठाने वालों के खिलाफ खड़ा होता है और शिक्षा के जरिए नारी सशक्तिकरण में विश्वास करता है। फिर भी, जब अपनी बेटी को एक नए शहर में भेजने की बात आती है, तो उसे घर से दूर उसकी सलामती की फिक्र सताती है। मेरा किरदार नई सोच रखता है, लेकिन फिर भी परंपराओं से घिरा है। राधेश्याम की विचारधारा से वे कैसे जुड़ते हैं, इस बारे में बात करते हुए, इस एक्टर ने कहा, ÷ऐसे समाज में जहां महिलाओं को अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है, वहीं वो अपनी बेटी का साथ देते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि लड़कों और लड़कियों के बीच कोई फर्क नहीं है। मैं उनसे इस मामले में जुड़ता हूं कि मैं भी सभी तरह के अन्याय के खिलाफ हूं और हमेशा उन लोगों का समर्थन करता हूं जो सच्चाई का साथ देते हैं। देखिए %सपनों की छलांग%, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9.30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर।

# फास्ट्रैक स्मार्ट ने एमज़ॉन इंडिया पर 1995 में लॉन्च की फाश-टैक स्मार्टवॉच

### लिमिटलैस एफएस1, अब तक के सबसे बड़े डिस्प्ले, बिल्ट-इन एलेक्सा, नेक्स्ट जैन एटीएस चिपसेट और बीटी कॉलिंग के साथ

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े यूथ एण्ड एक्सेसरीज़ ब्राण्ड फास्ट्रैक ने एमज़ॉन फैशन के साथ एक्सक्लुज़िव एसोसिएशन में अपनी फैशन टैक सीरीज़ लिमिटलैस का लॉन्च किया है। सर्वश्रेष्ठ स्टाइल और डिज़ाइन वाली फास्ट्रैक लिमिटलैस एफएस 1 फास्ट एवं सबसे अडवान्स्ड एटीएस चिपसेट के साथ आती है। यह सिंगल सिंक बीटी कॉलिंग के साथ कॉलिंग का सहज अनुभव प्रदान करती है। यह स्मार्टवॉच 11 अप्रैल से सिर्फ एमज़ॉन फैशन पर रु 1995 की स्पेशल लॉन्च कीमत पर उपलब्ध होगी। लिमिटलैस एफएस1 इस सीरीज़ में पहली स्मार्टवॉच है जो 1.95'' के हॉरिज़न कर्व डिस्प्ले के साथ आती है, यह इनबिल्ट वर्चुअल असिस्टेन्ट एलेक्सा के साथ ब्राण्ड द्वारा पेश किया गया अब तक का सबसे बड़ा डिस्प्ले है, जो आपकी हेल्थ एवं फिटनैस संबंधी




सभी ज़रूरतों को भी पूरा करेगा।

फास्ट्रैक ने लिमिटलैस सीरीज़ के लॉन्च के साथ स्मार्टवॉच मार्केट में एक और कदम बढ़ाया है। बीटी वी5.3 तथा आसान टच के साथ यह स्मार्टवॉच सुनिश्चित करती है कि कनेक्टिविटी में किसी तरह की रूकावट न आए। लिमिटलैस सीरीज़ में 5 स्मार्टवॉचेज़ होंगी और एफएस1 इसका पहला प्रोडक्ट है जिसे नए एवं बड़े 1.95'' डिस्प्ले के साथ बाज़ार में उतारा गया है।

लिमिटलैस एफएस1, सीरीज़ की पहली स्मार्टवॉच है जो नेक्स्ट जैन एटीएस चिपसेट के साथ निर्बाध कनेक्टिविटी और बिजली जैसा तेज़ परफॉर्मेन्स देती है। स्मार्टवॉच आधुनिक हेल्थ मॉनिटरिंग फीचर्स के साथ आती है, जिसमें स्टैऊस मॉनिटरिंग, ऑटो स्लीप ट्रैकिंग एवं 24/7 हार्ट रेट मॉनिटरिंग शामिल हैं।

लिमिटलैस के लॉन्च पर बात करते हुए रवि कप्पूराज, सीओओ, स्मार्ट वियरेबल्स, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''लिमिटलैस सीरीज़ के साथ हम फैशनेबल और आकर्षक स्मार्टवॉचेज़ लेकर आए हैं जो अपनी शानदार फंक्शनेलिटी एवं स्टाइलिश अपील के साथ उपभोक्ताओं को खूब लुभाएंगी। फास्ट्रैक लिमिटलैस एफएस1 'लिमिटलैस' सीरीज़ की पहली वॉच है जो बिल्ट-इन एलेक्सा के साथ आती है। तो आपका बेस्ट वर्चुअल असिस्टेन्ट अब हमेशा आपके साथ आपकी कलाई पर रहेगा।फास्ट्रैक अपने प्रोडक्ट्स के साथ उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, इसी के मद्देनज़र हम आज के उपभोक्ताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ फैशन और टैक प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। हमने ई-कॉमर्स के दिग्गज एमज़ॉन के साथ साझेदारी में यह लॉन्च किया है जो उनके साथ हमारे लम्बे एसोसिएशन की पुष्टि करता है।''

## एथर एनर्जी ने 82,146 वाहनों की खुदरा बिक्री के साथ शानदार वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत की जानीमानी इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की उन सभी उपलब्धियों की घोषणा की जो उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई है।इनकी उपलब्धियों में बिक्री दर के आँकड़े,नई महत्वाकांक्षी साझेदारी,खुदरा बाज़ार का विस्तार और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रख्र का बढ़ना आदि सभी शामिल हैं।कंपनी ने बताया है कि चिप की कमी के कारण पहले छह महीनों में उत्पादन की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद वित्तीय वर्ष के दौरान उन्होंने 82,146 यूनिट की प्रभावशाली बिक्री की। यह आंकड़ा एथर के लिए साल-दर-साल महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है, और भारत में ईवी उद्योग की निरंतर बढ़ोत्तरी को भी दिखाता है।

मार्च 2023 में, एथर ने लगभग 11,754 स्कूटर्स डिलीवर किए, जो 353त्न की उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी है।वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने में यह बेहतरीन प्रदर्शन कंपनी के भविष्य में होने वाली संभावनाओं के लिए अच्छा है। ऐसा लगता है जैसे यह बाजार में अपनी हिस्सेदारी प्रभावशाली तरीके से बढ़ाना चाहता है।एथर एनर्जी के चीफ बिजनेस ऑफिसर, रवनीत सिंह फोकेला ने कंपनी के विकासों पर टिप्पणी करते हुएकहा÷स्नङ्घ23 ईवी उद्योग के लिए उल्लेखनीय रहा है,टूव्हीलर श्वङ्क्षह्य के साथ अपेक्षित रूप से आगे बढ़ रहा है। एथर मेंहमने 82,146 वाहनों की खुदरा बिक्री के साथ जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है।चिप की कमी के कारण इस वित्तीय वर्ष के पहले 6 महीने कुछ धीमे रहे, क्योंकि हमारे उत्पादन की मात्रा सीमित हो गयी थी, परंतु धीरे-धीरे बढ़ते हुए मार्च में हमनेलगभग 11,754 स्कूटरबेचकरइस वर्ष का समापन353त्नकीमजबूत वृद्धि के साथ किया। हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष 2024 में भीहमारीयह गति बनीरहेगी।हमने इस साल अपने रिटेल फुटप्रिंट को 30 स्टोर्स से 4 गुना बढ़ा कर 116 स्टोर्स कर दिया है।ईवी को लोग तेजी से अपना सकें, इसलिए, एथर ने वित्त वर्ष 2023 में अतिरिक्त 911 सार्वजनिक फास्ट-चार्जिंग पॉइंट लगवाएहैं, और अब देश भर में 1224 ग्रिड हैं, जिससे यह 2-पहिया वाहनों के लिए भारत का सबसे बड़ा फास्ट-चार्जिंग नेटवर्क बन गया है।पिछले महीने हमने चेन्नई में 10एमआरटीएस और उपनगरीय स्टेशनों पर चार्जिंग पॉइंट स्थापित करवाने के लिए दक्षिण रेलवे के साथ भी भागीदारी की है।

# हाईकोर्ट ने एसपी को सस्पेन्ड करने के दिये ओदश

**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने छिंदवाडा एस.पी. विनायक वर्मा को सस्पेन्ड करने के आदेश दिये है, हाईकोर्ट ने 5 साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुये ओदश दिया है, चीफ जस्टिस और जस्टिस विशाल मिश्रा की डबल बेंच ने डी.जी.पी सुधीर सक्सेना को एस.पी. विनायक वर्मा को सस्पेन्ड करने के आदेश दिये, बताया जाता है कि एस.पी. वर्मा एक वारन्ट तामील नहीं करवा पाये, इसीलिए हाईकोर्ट ने उन्हे सस्पेन्ड करने के आदेश दिये।




### एसपी ने मोबाइल नहीं उठाया

इस संबंध में एस.पी.विनायक वर्मा से चर्चा करने की कोशिश की गई तो उन्होने मोबाईल नहीं उठाया।

# रिजल्ट का पुनर्मूल्यांकन करवाने एवं छात्रवृत्ति का पोर्टल खुलवाने की मांग

## एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** जिला एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा द्वारा आज एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के निर्देश पर एम.ए. प्रथम वर्ष के छात्रों के रिजल्ट का पुर्नमूल्यांकन करवाने एवं छात्रवृत्ति का पोर्टल खुलवाने को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपकर उक्त मांगो के तत्काल निराकरण की मांग की। अन्यथा चेतावनी दी है कि यदि शीघ्रतिशीघ्र इन मांगो का निराकरण नहीं किया जाता है तो जिला एन.एस.यू.आई. द्वारा यूनिवर्सिटी का घेराव किया जायेगा और उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी समस्त जबावदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अर्पित तिवारी, सूरज बिहारे, अनुराग जम्होरे, अविनाश ककोडिया, विशाल चैरिया, विनय साहू, आदित्य शर्मा, वीरेन्द्र धुर्वे, प्रवीण मर्सकोले सहित विद्यालयीन छात्र-छात्रायें टिंकल धुर्वे, अंजली मालवीय, शैलुजा, करीना उइके, शालिनी मरावी, मुस्कान उपस्थित थी ।

# दिल की बीमारी से जूझ रही छोटी बच्ची की मदद के लिए बढ़ाए हाथ

## छिंदवाड़ा एसडीएम ने दिखाई मानवता

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा एसडीएम अतुल सिंह का मानवीय चेहरा एक बार फिर सामने आया। छिंदवाड़ा में बुधवार सुबह सोशल मीडिया पर एक 3 माह की बच्ची की मदद के लिए अपील हुई। दिल की गम्भीर बीमारी से जूझ रही इस बच्ची को ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस से छिंदवाड़ा से रायपुर रिफर किया जाना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह नहीं हो पा रहा था। सोशल मीडिया पर बच्ची की मदद की अपील हुई जो छिंदवाड़ा एसडीएम अतुल सिंह की नजर से भी गुजरी और उन्होंने तत्काल ही पीड़ित परिवार की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए। एसडीएम श्री सिंह ने पेशेंट व परिजनों को अपने खर्चे पर एंबुलेंस और ऑक्सीजन सिलेंडर व आने-जाने के पेट्रोल की व्यवस्था करके आगे के इलाज के लिए रायपुर भेजा है। यहाँ बता दें कि बीते सालों में कोविड-19 के हालातों के बीच छिंदवाड़ा एसडीएम अतुल सिंह ने बहुत बार मरीजों व उनके परिजनों की मदद करते रहें हैं।

# पांच घन्टे छिंदवाड़ा में रहेंगे गोपाल भार्गव

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के लोक निर्माण कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री गोपाल भार्गव के भ्रमण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। लोक निर्माण मंत्री श्री भार्गव अब 13 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सिवनी से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे छिंदवाड़ा आयेंगे । आप छिन्दवाड़ा में स्थानीय कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं व जनसामान्य से भेंट और निर्माण कार्यों के निरीक्षण के बाद शाम 7 बजे छिन्दवाड़ा से नरसिंहपुर-देवरी होते हुये गढ़ाकोटा सागर के लिये प्रस्थान करेंगे ।

# प्रदेश के सहकारिता को नहीं जानते पोस्ट आफिस वाले







**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री अरविन्द भदौरिया को भोपाल पोस्ट आफीस के पोस्ट नहीं जानते कि वे कहा रहते है, उन्हें स्पीड पोस्ट से एक लिफाफा भेजा गया था जिसे पोस्ट आफीस वालों ने डिलीवर न कर उसे भेजने वालों को वापस कर दिया है।

# भगवान परशुराम जयंती मनाने एवं अपने विचार गोष्ठी 15 को

**छिन्दवाड़ा ।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ की बैठक आयोजन किया गया शिव मंदिर मैं जिसमें भगवान परशुराम जयंती मनाने एवं अपने विचार गोष्ठी किया जाएगा जिलाध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी ने बताया है विशेष अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी, जिला प्रभारी राजेश द्विवेदी, जिला महासचिव सुरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष नंदू शर्मा, बैठक का समय शाम 6 बजे रखा गया है दिनांक 15 अप्रैल शनिवार जिसमें समस्त ब्राह्मण पद अधिकारी सदस्य एवं सभी लोग उपस्थित हो गए जय श्री राम जय परशुराम अपने भगवान जयंती मनाने सभी ब्राह्मणों का कर्तव्य से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो।

# साप्ताहिक श्रीसुदंरकांड

**धनौराजागीर।** आदर्श रामलीला मंडल धनौरा के द्वारा साप्ताहिक श्री सुंदरकांड का पाठ छ्छ साऊंड के साथ श्री शिव मंदिर बाजार चौक धनौरा मे प्रति मगंलवार को किया जा रहा है जिसमें सैकेडो भक्त भक्ति मे मगन होकर श्री राम के जयकारो के साथ श्री सुंदरकांड पाठ एवं आरती के साथ सामाप्त किया जा रहा है।

# जिले में 15 मई तक किया जायेगा कृषकों से गेहूं उपार्जन

## कृषक अपनी सुविधा के अनुसार कर सकते हैं अपनी फसल विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग



**छिन्दवाड़ा ।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 में औसत अच्छी गुणवत्ता के गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। जिले में कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य 15 मई तक किया जायेगा । कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार तक प्रात: 8 से रात्रि 8 बजे तक किया जायेगा और कृषक तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणों से सोमवार से शुक्रवार तक नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी । जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिले में गेहूं विक्रय के लिये 34249 किसानों ने पंजीयन कराया है । वर्तमान में कृषक शासन के निर्देशानुसार अपने स्वयं के नजदीकी उपार्जन केन्द्र में स्वेच्छानुसार व सुविधानुसार अपनी फसल विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग कर सकते हैं। जिले में अभी तक कृषकों द्वारा 2429 स्लॉट बुक किये गये हैं और 500 किसानों से 39828 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है । इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार 10 से 80 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं के उपार्जन पर किसानों से कोई कटौत्रा किये बिना पूर्ण समर्थन मूल्य राशि का भुगतान कराया जायेगा । कृषक द्वारा लाई गयी उपज नॉन एफएक्यू स्तर की होने पर छन्ना उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में ही कृषक से शुल्क लिया जायेगा । इसके अतिरिक्त कृषक से किसी भी प्रकार का शुल्क नहींलिया जायेगा । उन्होंने बताया कि ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को अपनी उपज विक्रय के लिये एसएमएस प्राप्त होने का इंतजार करने की आवश्यकता को समाप्त करते हुये कृषक उपज तैयार होने पर विक्रय के लिये उपार्जन केन्द्र व उपज विक्रय की दिनांक का चयन स्वयं ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकेंगे । उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय के लिये अपनी सुविधा के अनुसार www.mpeu-parjan.nic.in पर स्लॉट बुकिंग कर फसल विकय करें।

# रेंज में अपराधों की रोकथाम सर्वोच्च प्राथमिकता: अतुलकर



**छिंदवाड़ा ।** पुलिस रेंज छिन्दवाड़ा के नए डी.आई.जी. सीनियर आई पीएस सचिन अतुलकर ने रेंज पहुंचकर पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर एस पी विनायक वर्मा, एडिशनल एस पी संजीव उइके, सिटी एस पी अमन मिश्रा सहित अन्य अफसर उपस्थित थे डी आई जी सचिन अतुलकर के रेंज मुख्यालय पहुँचने पर छिन्दवाड़ा पुलिस ने उन्हें गॉड आफ हॉनर के साथ सलामी दी पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में डी आई जी ने कहा कि रेंज में अपराधों की रोकथाम ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी उन्होंने कहा कि लगातार बदलते स्वरूप में पुलिस की भूमिका डायनमिक है छिन्दवाड़ा रेंज में वे छिन्दवाड़ा, सिवनी और नरसिंहपुर जिले के एस पी के साथ समन्वय से कार्य करते हुए तीनो जिलो की समस्या, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य के साथ जनता के बीच खरा उतरने का प्रयास करेंगे डीआईजी सचिन अतुलकर ने कहा कि शासन और पुलिस की व्यवस्थाए और कार्य तय है लगातार शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देश के पालन के साथ शांति कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और महिला अपराधों में कठोर कार्यवाही पुलिस की प्राथमिकता है छिन्दवाड़ा में डी आई जी पदस्थ होने से पूर्व सीनियर आई पी एस सचिन अतुलकर राजधानी भोपाल के ए सी पी रहे हैं गृह विभाग ने उन्हें भोपाल के ए सी पी से अब छिन्दवाड़ा पुलिस रेंज के डी आई जी पद पर पदस्थ किया है खास बात यह है कि 2007 में मात्र 22 वर्ष की आयु में यूं पी एस सी परीक्षा उत्तीर्ण कर वे सबसे कम उम्र में आई पी एस बन गए थे इस दौरान परिवीक्षा अवधि में 2008 में छिन्दवाड़ा के एस डी ओ पी भी रहे थे परिवीक्षा अवधि के बाद वे सागर, उज्जैन इंदौर, भोपाल सहित अन्य जिलों में एस पी रहे और वर्तमान में भोपाल की कमिश्नर प्रणाली पुलिस में असिस्टेंट कमिश्नर आफ पुलिस के बाद अब छिन्दवाड़ा पुलिस रेंज में डी आई जी बनाए गए हैं

# पत्रकार देवेंद्र जैन के घर में घुसा ट्रक




**परासिया ।** कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार संकेत दीप के संपादक देवेंद्र जैन चांदामेटा बाजार रोड़ निवासी निजी मकानमें एक ट्रक घुसा। बड़ी दुर्घटना टली । आए दिन सकरी गालियां में बड़े वाहनों की आवाजाही से सड़क किनारे रहने वालों की जान पर बन आई। व्यापारियों ने वार्डो में बनाए रखें है गोदाम।आए दिन हो रहे हादसेचांदामेटा वार्ड नंबर 9 बाजार रोड पर स्थित निजी मकान में 12 अप्रैल की मध्य रात्रि को उत्तर प्रदेश से आया ट्रक up 83,AT, 34,77 के लापरवाही पूर्वक चलाने से घर में घुस गया ट्रक मकान की दीवार से लगी गहरी नाली नहीं होती तो पत्रकार देवेंद्र जैन का पूरा मकान तक की ठोसे भरभरा कर गिर गया होता और परिवारजनों की जान जा सकती थी इस घटना की खबर लगते हैं आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति को देखा भाजपा के पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल मनीष मुखिया संजीव तिवारी प्रदीप विश्वकर्मा सहित सैकड़ों नागरिकों ने घटनास्थल का मुआयना किया ।

# इन्द्रजीत सिंह बैस बने जिला हॉकी संघ अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा ।** म.प्र.हॉकी संघ के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिला हॉकी संघ के चार वर्षीय चुनाव हॉकी म.प्र. के उपाध्यक्ष डी.एल.गौर के मुख्य आतिथ्य में जिला खेलकूद अधिकारी रामराव नागले की अध्यक्षता में एवं हॉकी संघ सदस्य राष्ट्रीय निर्णायक अब्दुल रशीद की विशेष उपथिति में ओलम्पिक स्टेडियम मीटिंग हॉल में सम्पन्न हुए। सर्वसम्मति से चार वर्षो के लिए निम्न कार्यकारिणी का गठन किया गया जो इस प्रकार है- मुख्य संरक्षक चौधरी चन्द्रभान सिंह, दीपक सक्सेना, दौलत सिंह ठाकुर, विवेक बंटी साहू, अध्यक्ष- इन्द्रजीत सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-जावेद खान (कोच), उपाध्यक्ष-रमेश कुमार, राशिद खान, सै. इमरान अली, गरिमा दामोदर, सचिव- शारिक सिद्धिकी, कार्यालयीन सचिव- संजय साहू, कोषाध्यक्ष- सिराज खान, सहकोषाध्यक्ष शेख शकील, सहसचिव- संजीव स्वामी, सौ. गुफरान अली, रेहान खान, फिरोज खान, टेक्नीकल एडवाईजर- नावेद खान, दीपक निर्मलकर, नईम खान, जावेद खान, कार्यकारिणी सदस्य- अस्सू अली, आजम खान, जेक्सन कुमार, शशांक धुर्वे, फैजी खान, फरदीन अली, विशाल नागले, पूजा नामदेव, हिमांशु करमरकर। जिला हॉकी संघ में आगामी चार वर्षो के लिए शामिल किया गया है।इस अवसर पर प्रदेश हॉकी के पर्यवेक्षक डी.एल. गौरव व डी.एस.ओ. आर.आर.नागले ने उपस्थित हॉकी प्रेमियों को संबोधित करते हुए नए हॉकी नियमों से परिचित कराया।

# आदिवासी अंचल में महिलाओं की आत्म निर्भरता के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल

## स्टोरी टेलर कार्यशाला का पहला चरण पूरा, अब फील्ड में प्रशिक्षण ले रहीं युवतियां



**छिन्दवाड़ा ।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल पर आदिवासी अंचल में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने व महिलाओं को सुरक्षित पर्यटन का माहौल देने के उद्देश्य से शुरू हुये स्टोरी टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला चरण पूरा हो गया है। इंडियन ग्रामीण सर्विसेस और पातालकोट टूरिस्ट इन्फार्मेशन सेंटर तामिया के साथ मिलकर शुरू किया गया यह प्रशिक्षण कोर्स 30 दिवसीय है जिसमें पहले चरण के बाद दूसरे चरण में 10 गांवों की 15 युवतियां अब फील्ड में जाकर प्रशिक्षण ले रहीं हैं ताकि तामिया/पातालकोट में आने वाले पर्यटकों को सटीक जानकारी मिल सके। मास्टर ट्रेनर श्री पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में चल रही कार्यशाला में अभी तक होटल इंडस्ट्री, लोक कला, संस्कृति, रंगकर्म, साहित्य व व्यक्तित्व विकास सहित कई महत्वपूर्ण विषयों के विशेषज्ञ स्टोरी टेलर का प्रशिक्षण दे चुके हैं।इंडियन ग्रामीण सर्विसेस की पचमढ़ी कलस्टर हेड सुश्री अर्चना दास ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड प्रदेश में 50 स्थानों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन के साथ ही पर्यटन स्थल पर महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में तामिया में स्टोरी टेलर की ट्रेनिंग युवतियों को दी जा रही है जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को सही तथ्यों से अवगत कराया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर रही संस्था पातालकोट टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर तामिया के समन्वयक श्री पवन श्रीवास्तव और प्रशिक्षण सहायक समन्वयक श्री विजय सिरसाम एवं व्यक्तिव विकास विषय की सीनियर ट्रेनर श्रीमती मनीषा सिंह परिहार के नेतृत्व में पहला अकादमिक सेशन पूर्ण हो चुका है जिसमें अतिथि व्याखान के लिये मोटल तामिया से सुश्री साक्षी प्रगट, मड़ई रिसोर्ट के संचालक संचित जैन, सतपुड़ा नेशनल पार्क के सीनियर गाइड एवं नेचुरियलिस्ट आशीष पांडे, आदिवासी अंचल की संस्कृति के जानकार आशाराम कवरेती, पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोच सुश्री मनीषा परिहार, वकील सुश्री सविता गिरी और रंगकर्मी विजय आंनद दुबे प्रशिक्षण दे चुके हैं। अब कार्यशाला के दूसरे चरण में युवतियों को फील्ड नालेज से अवगत कराया जा रहा है ताकि वे पर्यटकों के साथ आने वाली विभिन्न व्यवहारिक गतिविधियों को समझा जा सके। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेस द्वारा स्टोरी टेलर की ट्रेनिंग लेने वाली युवितयों को शैक्षणिक भ्रमण के लिये जल्द ही पचमढ़ी ले जाया जायेगा।

# 14 किलोमीटर की केदारनाथ की पदयात्रा

## अमरवाड़ा में किया गया नौजवानों जोरदार स्वागत




**अमरवाड़ा ।** अपने देश के प्रति जुनून और देश को स्वस्थ क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया बनाने के जुनून पर निकले छिंदवाड़ा जिले की चांद तहसील से उत्तराखंड केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के लिया 1400 किलोमीटर की पदयात्रा 5 नौजवान युवकों ने निकाला अमरवाड़ा में किया गया जोरदार स्वागत उनका मुख्य उद्देश स्वच्छता अभियान को लेकर है जो पांच राज्य होते हुए निकलेंगे और स्वच्छता अभियान को लेकर जगह-जगह ग्राम तहसील जिले पर प्रचार प्रसार करेंगे और सभी को देश के प्रति अपना करतब निभाना है भारत देश को ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया बनाना है इसी की थीम को और पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करना एक मुख्य उद्देश को लेकर पदयात्रा निकली हर ग्राम पंचायत तहसील जिलों पर जोरदार स्वागत किया जा रहा है इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया कि

# कलेक्टर ने गेहूं व चना उपार्जन केन्द्रों का किया नरीक्षण



**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आज गेहूं उपार्जन केन्द्र मेसर्स आरडी वेयर हाउस उमरिया ईसरा और चना उपार्जन केन्द्र मेसर्स एस.गणेश वेयर हाउस उमरिया ईसरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वेयर हाउस पर उपार्जन केन्द्र संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समुचित व्यवस्था बनाने व कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

# संत समागम के कार्यक्रम में आएंगे कई राज्यों से साधु-संत

## गणेश मंदिर की भजन संध्या में आएंगे प्रसिद्ध गायक रणजीत भारती



**बिछुआ।** नगर के माता मां चौंक स्थित श्री गणेश मंदिर सेवा समिति बिछुआ के द्वारा आज 13 अप्रैल दिन गुरूवार को विशाल संत समागम कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। मंदिर समिति के सचिव उमेश साहू ने बताया की आज दोपहर 2 बजे से नगर में आयोजित होने वाले संत समागम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, नईदिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से संत गण आएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सिद्ध योग मठ अखाड़ा के आचार्य महामण्डेलश्वर श्री श्री 1008 बालयोगी अलखनाथ औघड़ महाराज, अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा उज्जैन के महामण्डेलश्वर श्री 1008 दादूजी महाराज, अखिल भारतीय संत समिति के आचार्य शुभेश शर्मन, रामद्वारा जोधपुर के रामस्नेही संत गोविंदराम महाराज, पीतांबरा पीठाश्वर बिलासपुर संत दिनेश महाराज, नईदिल्ली के ज्योतिषाचार्य केके स्वामी के अलावा अलग-अलग स्थानों से साधु संत आएंगे। संत समागम के समापन संतों के हस्ते अभिमंत्रित रूद्रक्षों का वितरण होंगा। तो वहीं रात्रि 8 बजे से विशाल भंजन संध्या में बिहार बेगुसराय से अनूप जलोटा के शिष्य प्रसिद्ध भजन गायक रणजीत भारती अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति व सिद्ध योग मठ अखाड़ा के महामण्डेलश्वर डॉ वैभव अलोणी ने कार्यक्रम में धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

# लंदन यूनिवर्सिटी की प्योर सोल संगोष्ठी में होगी जैन दर्शन के सिद्धांतों पर चर्चा

## जैन युवा फेडरेशन के अंकुर शास्त्री, अच्युतकांत शास्त्री एवं जिनेश सेठ होंगे सम्मिलित



अंकुर शास्त्री अच्युतकांत जैन जिनेश सेठ

**छिन्दवाड़ा ।** यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन द्वारा 15 एवं 16 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। जिसमे देश से अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवक युवा विद्वान अंकुर शास्त्री, आच्युतकांत जैन एवं जिनेश सेठ सम्मिलित होकर सकल जैन समाज सहित भारत का गौरव बढ़ावेंगे। फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने बताया तीनों युवा विद्वान आज गुरुवार 13 अप्रैल को लंदन के लिए रवाना होंगे जो जैनदर्शन के विविध विषयों पर अपने शोध पत्र उक्त संगोष्ठी में प्रस्तुत करेंगे। इस संगोष्ठी में अंकुर शास्त्री द्वारा 16 वीं सदी के जैन संत आचार्य तारण स्वामी के जीवन दर्शन और भारतीय दर्शन में उनके योगदान पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। जबकि जिनेश सेठ आचार्य कुंदकुंददेव द्वारा रचित ग्रंथराज समयसार पर अपना शोध पत्र पढ़ेंगे। इसके अलावा अच्युतकांत शास्त्री द्वारा जैनदर्शन के प्रमुख सिद्धांत निमित्त उपादान को लेकर शोध पत्र पेश किया जाएगा।श्री जैन ने बताया कि यह प्रथम अवसर है जब विश्व स्तरीय संगोष्ठी में दुनिया के विभिन्न देशों से अनेकों विद्वान पहुंच रहे हैं। इस दौरान संगोष्ठी में जैन आचार, संस्कृति एवं आहार आदि पर भी प्रायोगिक सत्र होंगे। जो जैन दर्शन के व्यवहारिक पक्ष को प्रस्तुत करेंगे।

# अभावग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करें

## नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने निगम की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली




**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने निगम की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में आयुक्त ने निगम क्षेत्र में स्थित बावड़ी,कुओं को चिन्हित किए जाने के कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली,उन्होंने आदेशित किया कि ऐसे सभी स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से पैराफिट वॉल, बाउंडरी वॉल बनवाएं तथा टूटफूट की उचित मरम्मत करवाएं। आयुक्त ने अवैध निर्माण एवं क्षतिग्रस्त भवनों का भी चिन्हांकन कर ऐसे भवनों का विध्वंस करने की नियमानुसार कार्यवाही करने की भी समीक्षा की। गर्मियों में जल अभावग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई किए जाने की स्थिति में आवश्यक व्यस्थाएँ सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा लू लपट से बचाव के उपायों सहित शहर में सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ लगवाए जाने के कार्यों की भी जानकारी ली।आयुक्त ने कलेक्टर टीएल एवं जनसुनवाई के प्रकरणों के जवाब शीघ्र दर्ज करवाने के सख्त आदेश सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए। निगमायुक्त राहुल सिंह ने लाडली बहना योजना अंतर्गत प्रतिदिन 2500 पंजीयन करने के पूर्व निर्देश की समीक्षा करते हुए कार्य की प्रगति की जानकारी ली एवं अपेक्षित प्रगति न देने पर कार्यवाही करने हेतु कार्यालय अधीक्षक को निर्देशित किया। आयुक्त ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता राशि की समीक्षा की।आगामी दो माह के अंदर 5 स्टार(जीएफसी) तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की टीम शहर में सर्वेक्षण करने के लिए आने वाली है इसके लिए स्वास्थ्य शाखा सहित स्वच्छ भारत मिशन की टीम को सभी व्यवस्थाएँ करने के निर्देश आयुक्त ने देते हुए शहर में खुले में मल-मूत्र त्याग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए ऐसे सभी चिन्हित स्थानों पर साफ-सफाई करवाने, दीवारों पर रंग रोगन करवाने तथा प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही के आदेश स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को दिए।आयुक्त ने खुले में थूकने के विरुद्ध अभियान चलाने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसे चिन्हित रेड स्थानों पर पोस्टर लगवाने के कार्य की भी जानकारी ली। शहर की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए आयुक्त ने वार्ड सुपरवाइजर तथा स्वच्छता निरीक्षकों को सभी व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों में प्रभावी सफाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन जीवीपी हटाने के लिए आदेशित किया।आयुक्त ने नगरीय निकाय क्षेत्र में सड़कों का कायाकल्प अभियान सहित अनधिकृत कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों पर कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त जारी किए जा चुके अप्रारंभ आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ कराए जाने आदेशित किया।

# आज समता बौद्ध विहार छिंदवाड़ा में होगा लावणी का रंगारंग कार्यक्रम

## 14 अप्रैल को निकलेगी विशाल रैली

**छिंदवाड़ा ।** डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की 132 वी जयंती समारोह के उपलक्ष में आज दिनांक 13 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर समता विकास समिति के तत्वाधान में एवं सतीश गोंडाने एवं अतुल गजभिए युवा पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता छिंदवाड़ा, के विशेष सहयोग से आयोजित, बौद्ध विहार अंबेडकर नगर परासिया रोड छिंदवाड़ा में सायं 7 बजे से शानदार लावणी का सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। लावणी के अतिरिक्त इसमें भीम नाटिका एवं भीम गीत भी रोहित एंड पार्टी नागपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। डॉ आंबेडकर समता विकास समिति के निर्वाचित अध्यक्ष सुभाष नागले एवं महासचिव सतीश गोंडाने, दादाराव मोडघरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष छविता खांडेकर कोषाध्यक्ष मयंक गजभिए द्वारा बताया गया कि 13 अप्रैल को लावणी के कार्यक्रम के अतिरिक्त, बाबा साहब की जयंती पर 14 अप्रैल को समता बौद्ध विहार परासिया रोड छिंदवाड़ा प्रात: 8 बजे झंडा वंदन 8.30 बजे बुद्ध वंदना धम्म वंदना संघ वंदना एवं केक काटे जाने के पश्चात, प्रात: 9 बजे विशाल रैली सभी सामाजिक संगठनों के साथ बौद्ध विहार छिंदवाड़ा से निकाली जाएगी, जो कि शहर के षस्ती माता मंदिर, फौजी साइकिल स्टोर, गुलाबरा ,सब्जी बाजार ,फवारा चौक, ईएलसी, शिवाजी तिराहा, दशहरा मैदान, राजपाल चौक, वाल्मीकि गुरुद्वारा, पुराना पावर हाउस छोटा तालाब, चारफाटक, श्याम टॉकीज, कुणाल मोटर्स ,,रामबाग लालबाग ,विशाल मेगा मार्ट, यातायात थाना, बस स्टैंड , मार्गो से होते हुए दोपहर 2 बजे डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर समाप्त होगी ,जहां बाबा साहब को माल्यार्पण, पुष्प अर्पण किया जाकर 1 घंटे का मंची कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें समाज के युवा एवं बुद्धिजीवियों के विचार रखे जाएंगे। इसी दिन 14 अप्रैल को सायं 7 बजे से लोकल सामाजिक बच्चों एवं महिलाओं द्वारा तैयार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा । बच्चों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा और अंत में सभी के साथ सामूहिक भोजन दान का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के समस्त पदाधिकारियों ,सुभाष नागले सतीश गोंडाने दादा राव मोडघरें ,मयंक गजभिए छवि खांडेकर सीमा ताई गेडाम, निरंजन रंगारे प्रमोद रंगारे राजू गणवीर सीमा ताई गेडाम, राजू गणवीर चंद्रशेखर बंसोड, डीडी गजभिए ,अतुल गजभिए, बीएस दवनडे ,डॉ गेडाम, एसके गेडाम हरदास लोखंडे, एवं समिति के समस्त पदाधिकारियों द्वारा छिंदवाड़ा शहर के समस्त आंबेडकर अनुयायियों से निवेदन किया गया है कि दिनांक 13 अप्रैल के लावणी कार्यक्रम एवं 14 को आयोजित रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होवे।

## प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक मई से 15 जून तक रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश



**भोपाल।** राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालयों में वर्ष 23- 24 के लिए ग्रीष्मकालीन, दशहरा, दिवाली और शीतकालीन अवकाश की तिथियों की घोषणा कर दी है।

ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक विद्यार्थियों के लिए और 1 मई से 9 जून तक शिक्षकों के लिए घोषित किए गए हैं। इसी प्रकार दशहरा अवकाश 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, दीपावली अवकाश 10 नवंबर से 15 नवंबर और शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर 2023 से 4 जनवरी 2024 तक घोषित किए गए हैं। दशहरा, दिवाली और शीतकालीन अवकाश विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए लागू रहेंगे। नवीन शैक्षणिक सत्र 2023 कक्षा 1 से बारहवीं तक 17 अप्रैल 2023 से प्रारंभ होगा।

## एक ही दिन भारत के तीन प्रख्यात सिंधी लेखकों का निधन



**भोपाल।** एक ही दिन भारत के तीन प्रख्यात सिंधी लेखकों का निधन हो गया है । ये लेखक हैं- सुंदर अगनानी दिल्ली, लक्ष्मण दुबे मुंबई और टेकचंद मस्त उल्हासनगर। अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा के तीनों अध्यक्ष और अन्य पदों पर कार्य करने वाले पदाधिकारी थे। भोपाल की साहित्यिक संस्थाओं ने लेखकों के निधन पर दुख व्यक्त किया है।सिंधी अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी,साहित्य सभा के युवा शाखा अध्यक्ष अशोक मनवानी,ज्ञानचंद लालवानी,साबू रीझवानी,कविता इसरानी ने दिवंगत लेखकों को श्रद्धांजलि दी है।झ

## 'लाड़ली बहना योजना'' के लिए तारासेवनिया की बहनों ने अनोखे अंदाज में किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद




**भोपाल।** लाड़ली बहना योजना बनाने के लिए विकासखण्ड फंदा की ग्राम पंचायत, तारासेवनिया की बहनों ने अनोखे अंदाज में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विकासखण्ड फंदा की ग्राम पंचायत, तारासेवनिया में लाड़ली बहनों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आवेदन करने आई महिलाओं एवं योजना सम्बन्धी कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कायकर्ताओं का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा विकास रथ के साथ रैली निकालकर अनोखे अंदाज में माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सरपंच श्रीमती सावित्री बाई मेहरा, पंचायत सचिव ओमप्रकाश शर्मा, मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र सुश्री साईस्ता बानो, शिवानी पवार, हर्षा कौशल सानिया दीपक आशीष सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## प्रशासन ने एक करोड़ की भूमि से हटाया दबंगों का अतिक्रमण



**भोपाल।** राजधानी की कोलार तहसील के शाहपुरा क्षेत्र में प्रशासन ने बुधवार को नगर निगम और पुलिस की मदद से एक भूखंड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिस जमीन पर अतिक्रमण हटाया गया, उसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। तहसीलदार मनीष शर्मा ने बताया कि गुलमोहर रेडिसन होटल के सामने स्थित एक करोड़ की भूमि पर भगत सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत और पवन सिंह ने कब्जा कर रौनक ट्रेडर्स एवं पवन ट्रेडर्स नाम से कारोबार खोल रखा था। जबकि सरकारी रिकार्ड में यह जमीन वीरेंद्र सिंह शेखावत और पांडे के नाम पर है। दोनों पक्ष में शुरू से विवाद चला आ रहा था, निगम ने पूर्व में कार्रवाई की थी, लेकिन अतिक्रमणकारियों ने राजनेताओं की धमकी देकर फिर से कब्जा जमा लिया।

प्रशासन ने जब कब्?जाधारियों से इस जमीन के दस्तावेज मांगे लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सके। साथ ही जिला न्यायालय का कोई स्टे आदेश भी नहीं दिखा सके। प्रशासन ने उनको नोटिस जारी किए थे, लेकिन उनका भी कोई उन्?होंने जबाव नहीं दिया। इससे प्रशासन ने बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए भूमाफिया के कब्जे से भूमि को मुक्त कराया है।

### दिग्विजय के बयान पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया, विजयवर्गीय बोले-

# मैंने शादी के बाद कभी सूट नहीं पहना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सीएम पद की रेस में बीजेपी के संभावित चेहरे गिनाकर सत्ताधारी दल पर चुटकी ली है। उन्होंने सीएम शिवराज सिंह समेत 7 नेताओं के नाम लेकर कहा कि इन्होंने सीएम बनने के लिए सूट सिलवाए हुए हैं, लेकिन किसी को मौका नहीं मिलेगा। क्योंकि मुख्यमंत्री पद की शपथ कमलनाथ लेंगे। दिग्विजय के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस उम्र में लोग अक्सर बहकी-बहकी बातें करते हैं।



दिग्विजय सिंह के बयान पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने पटलवार किया। उन्होंने दैनिक भास्कर से बात करते हुए कहा- %70 साल की उम्र के बाद नींद नहीं आती है। बल्कि सपने आते हैं। इस उम्र में अक्सर लोग बहकी-बहकी बातें करते हैं। कांग्रेस के राजा ने सपने में ऐसा कुछ देख लिया होगा। मैंने तो शादी के बाद कभी सूट ही नहीं पहना। मैं जब मंत्री रहा, तब भी बिना सूट के ही शपथ ली थी। मुझे उनके बयान पर इससे ज्यादा कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

दरअसल कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी कई बार सीएम पद की रेस के लिए उछलता रहा है। दो दिन पहले जबलपुर में भी मीडिया ने उनसे यही सवाल किया था, तो उन्होंने कहा कि मीडिया ही बार-बार उनका नाम लेता है, बीजेपी में ऐसी कोई चर्चा नहीं है। हम आगामी चुनाव शिवराज सिंह के नेतृत्व में ही लड़ेंगे।

### दिग्विजय सिंह बेटे की चिंता में परेशानः वीडी शर्मा



दिग्विजय के इस बयान पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह इतनी फुर्सत में हैं कि वे बीजेपी से कौन मुख्यमंत्री होगा, इसकी चिंता कर रहे हैं। जबकि उन्हें चिंता करना चाहिए कि खुद का क्या होगा? कांग्रेस में नेता तो अपने पुत्रों की चिंता में परेशान हैं। दिग्विजय सोचते रहते हैं कि उनका बेटा कब मुख्यमंत्री बनेगा? कमलनाथ भी बेटे के राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित हैं। बीजेपी तो डेमोक्रेटिक पार्टी है, जिसे सीएम बनाना है, वह तय कर लेगी। मध्यप्रदेश में सक्षम मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं।

### दिग्विजय ने पूरी कांग्रेस को उधेड़ दियाः नरोत्तम मिश्रा



दिग्विजय सिंह के बयान पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, दिग्विजय ने पूरी कांग्रेस को उधेड़ कर रख दिया है। पिछले कई दिन से वे इसी प्रकार के बयान दे रहे हैं। कांग्रेस का पत्र मैंने भी सोशल मीडिया पर देखा है, सारे नियम - कायदे कार्यकर्ताओं के लिए ही हैं। दिग्विजय देख चुके हैं कि कांग्रेस को कैसे निपटाया जा सकता है। यही कारण है कि अब वे किसी को उस्ताद तो किसी को कुछ भी बना रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्राइवेट कंपनी को चुनाव मैनेजमेंट का काम सौंपने पर गृहमंत्री ने कहा, अब स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के पास कार्यकर्ता नहीं बचे हैं। कांग्रेस की जगह, निजी कंपनी चुनाव लड़ रही है।

# मप्र में इस बार पिछले साल से कम बारिश होगी, मई में तेज गर्मी पड़ेगी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अबकी बार मानसून के सामान्य रहने का अनुमान है। इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में सामान्य से कम बारिश होगी यानि, प्रदेश के 26 जिलों में इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश नहीं होगी। बाकी बचे जिलों में भी सामान्य या इसके आसपास ही आंकड़े रहेंगे। इस बार ज्यादा बरसात की संभावना कम ही है। प्रदेश की सामान्य बारिश एवरेज 37.3 इंच है। पिछले साल 46 इंच पानी गिरा था। हालांकि, मई के आखिरी सप्ताह में फिर से वेदर रिपोर्ट आएगी। इसमें तस्वीर और भी साफ हो जाएगी।

केंद्रीय मौसम विभाग ने आगामी सीजन में देश में मानसून के सामान्य होने की भविष्यवाणी की है। इसके पीछे बड़ा कारण मानसून मिड में अल नीनो की कंडीशन का बनना मान रहे हैं। हालांकि एक उम्मीद ये भी जताई है कि इंडियन ओशन डाइपोल ( आईओडी ) की मानसून से पहले पॉजिटिव कंडीशन बनने की संभावना है। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून में आईओडी का अहम रोल रहता है। मध्यप्रदेश के मानसूनी फोरकास्ट पर नजर डालें, तो आधे हिस्से में मानसून की सामान्य से कम, जबकि बाकी 50त्न एरिया में सामान्य बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कहीं भी सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान नहीं जताया है।

मध्यप्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। मानसूनी सीजन के दौरान ( जून से सितंबर के बीच ) इतनी बारिश होती है। पिछले साल की बात करें तो प्रदेश में एवरेज 46 इंच बारिश हुई थी, जो सामान्य बारिश से 9 इंच ज्यादा थी। भोपाल समेत कई जिलों में तो सामान्य से दोगुनी बारिश हुई थी। इस कारण बाढ़ के हालात भी बन गए थे।

### मई में तेज गर्मी पड़ने के आसार

मध्यप्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में इस सीजन गर्मी की शुरुआत भले ही कमजोर रही हो, लेकिन संभावना है कि मई-जून में तापमान ज्यादा रह सकता है। पूरे मार्च में और अप्रैल पहले 10 दिन टेम्प्रेचर कंट्रोल रहा, इसके पीछे कारण पश्चिमी विक्षोभ की फ्रीक्वेंसी रही। मार्च में छह बार पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव रहे। वहीं, ट्रफ लाइन चक्रवाती घेरा भी बना रहा। इस कारण भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर समेत प्रदेशभर में टेम्प्रेचर सामान्य से कम रहा। अप्रैल में भी यही स्थिति है। आमतौर पर अप्रैल के पहले सप्ताह से ही पारा 40 डिग्री के पार रहता है, लेकिन इस बार बड़े शहरों में तापमान 40 डिग्री तक ही आ सका है। मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े और मई में पश्चिमी विक्षोभ की संभावना कम है। इस कारण मई-जून में तापमान ज्यादा रहेगा। साफ है कि मध्यप्रदेश में गर्मी का असर ज्यादा रहेगा।

### अल-नीनो की वजह से असर ज्यादा

भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि मानसून को लेकर चार फैक्टर बताए गए हैं। अल-नीनो अभी एक्टिव नहीं है, लेकिन मानसून के दौरान एक्टिव रहेगा। यह नेगेटिव माना जा रहा है। इंडियन ओशन डाइपोल ( आईओडी ) पॉजिटिव नहीं है, तो नेगेटिव भी नहीं है। फिलहाल यह उदासीन है। हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी भी सामान्य से कम है। यह अच्छा है। एक फैक्टर अंसो प्रशांत महासागर में है, वह भी उदासीन है, लेकिन अल-नीनो के चांसेज पश्चिम उत्तर-भारत में है। इससे असर हो सकता है। मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में सामान्य से कम बारिश होगी। इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम में सामान्य से कम बारिश होगी, जबकि ग्वालियर-चंबल में मानसून सामान्य से थोड़ा ही कम रहेगा। सामान्य से कम 94 प्रतिशत तक बारिश का अनुमान है।

मौसम वैज्ञानिक सिंह ने बताया कि मानसून के सेकंड हाफ ( अगस्त-सितंबर ) में बारिश कम हो सकती है, क्योंकि अल-नीनो इसी दौरान एक्टिव होगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा। पहले हाफ ( जून-जुलाई ) में यह ज्यादा सक्रिय नहीं रहेगा।

## महाआर्यमन सिंधिया सहित ग्वालियर में 3 कोरोना पॉजिटिव



**ग्वालियर।** ग्वालियर से एक बड़ी खबर आ रही है। महाआर्यमन सिंधिया सहित ग्वालियर में तीन नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

सिंधिया के बारे में बताया गया है कि उन्हें तेज बुखार आ रहा था, सर्दी खासी हो रही थी। इसे देखते हुए कोरोना टेस्ट करवाया जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अगर मध्य प्रदेश की बात करें तो मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 52 और पॉजिटिव केस मिले हैं और एक्टिव की संख्या 200 से ज्यादा हो गई है। इधर सरकार द्वारा कोरोना की रोकथाम और उपचार के एहतियातन सभी कदम उठाए जा रहे है।

## उपार्जन केंद्र पर अधिक गेहूं तौल लगा रहे थे किसानों को चपत, समिति प्रबंधक निलंबित

**भोपाल।** जिले में किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य उपार्जन केंद्रों पर चल रहा है। इन केंद्रों पर गेहूं तुलाई में गड़बड़ी बरती जा रही है।इसकी शिकायत निरंतर कलेक्टर को मिल रही थी। इससे कलेक्टर ने बुधवार को उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी तो पता चला कि एक केंद्र पर फर्जीवाड़ा कर 220 ग्राम अधिक गेहूं तौल रहे थे। गड़बड़ी मिलने पर कलेक्टर आशीष सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समिति के प्रबंधक को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसानों से यदि गेहूं खरीदी में गड़बड़ी की गई तो केंद्र संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**50 किलो 580 ग्राम की तुलाई में कर रहे थे हेरफेर-** ग्राम पंचायत तूमड़ा के उपार्जन केंद्र पर कलेक्टर आशीष सिंह बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे। जहां एक किसान ने अपनी शिकायत में बताया कि तूमड़ा समिति द्वारा एक बोरे में 50 किलो 580 ग्राम के स्थान पर 50 किलो 800 ग्राम की तुलाई की जा रही है। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद जिला आपूर्ति अधिकारी मीना मालाकार, एसडीएम आकाश श्रीवास्तव, तहसीलदार चंद्रशेखर श्रीवास्तव को जांच करने के निर्देश दिए। जब अधिकारियों ने

जांच की तो पता चला कि किसानों से प्रति बोरा निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं तौल में लिया जा रहा है। जांच में अनियमितता मिलने पर कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक मनोज माली को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

**सभी केंद्रों पर बैठने व पानी की व्यवस्था के निर्देश-** कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त छायादार बैठने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बता दें कि सहकारी समिति तूमड़ा द्वारा धनवंती वेयरहाउस पर उपार्जन केंद्र संचालित किया जा रहा है।

## नशे के ठिकानों की पुलिस को दें जानकारी, अंकुश नार्को हेल्पलाइन शुरू

**भोपाल।** आपके आसपास यदि कोई बदमाश अवैध तरीके से ड्रग्स या शराब सहित कोई दूसरा नशा बेच रहा है, तो अब आप गोपनीय तरीके से इसकी खबर पुलिस के आला अफसरों को दे सकेंगे। पुलिस कमिश्नर सिस्टम के तहत बुधवार को पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने भोपाल पुलिस की अंकुश नार्को हेल्पलाइन शुरू की है। मिश्र ने बताया कि इस नंबर पर आने वाले काल की निगरानी वह स्वयं एवं चुनींदा अफसर करेंगे। किसी भी सूरत में जानकारी देने वाली की पहचान उजागर नहीं होने दी जाएगी। अंकुश नार्को हेल्पलाइन का नंबर 7587628290 है।

### ये जानकारियां दे सकेंगे

इस हेल्पलाइन नंबर पर आमजन अपने आसपास बाजार, शैक्षणिक संस्थान, कार्य स्थल इत्यादि क्षेत्रों में मादक पदार्थ गांजा, चरस, अफीम इत्यादि के प्रयोग, बिक्री की सूचना दे सकेंगे। नशे की सामग्री के परिवहन व विक्रय की सूचना हेल्पलाइन नंबर 7587628290 पर निर्भीक होकर दे सकते हैं। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णत-गोपनीय रखा जायेगा। सटीक सूचना देने पर सूचक को पुलिस द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। सूचना आमजन द्वारा सुविधानुसार हेल्पलाइन नंबर पर फ़ोन करके, वाट्सएप के माध्यम से या मैसेज कर भी दी जा सकती है।

# इंदौर की अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने के लिए एनओसी जरूरी

**इंदौर।** अवैध कॉलोनियों को वैध करने में लगी सरकार जल्द ही एक नया नियम लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके अनुसार अब अवैध कॉलोनियों में प्लॉट, मकान आदि खरीदने और बेचने से पहले नगर निगम से एनओसी लेना जरूरी होगा। ऐसा नहीं करने पर निगम की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है।

जानकारी अनुसार सरकार सभी बड़े शहरों में अवैध कॉलोनियों की सूची बनवा रही है। जल्द ही इनका कार्य पूर्ण होने वाला है। उसके बाद इन्हें सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद अवैध कॉलोनियों में प्लॉट-मकान आदि की खरीदी बिक्री करने के लिए निगम से एनओसी लेना होगी।

बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल तक नए नियम लागू किए जा सकते हैं। इसके बाद नगर निगम उन लोगों की भी लिस्ट बनाएगा जिन्होंने अवैध कॉलोनियां विकसित की हैं। उन लोगों की संपत्तियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। कार्य पूर्ण होते ही



सक्षम प्राधिकारी इन संपत्तियों को कुर्क करेगा। इससे जो धनराशि प्राप्त होगी उससे विकसित की गई अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

**रहवासी संघों का भी गठन-** नए नियम लागू होने के बाद अवैध कॉलोनियों में भी रहवासी संघों का गठन किया जाएगा। ये संघ स्थानीय परिस्थिति के बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे। अवैध कॉलोनियों में रहने वाले गरीब तबके से विकास में खर्च होने वाली 20 फीसदी राशि ली जाएगी और सामान्य वर्ग के लोगों से विकास शुल्क का 50 फीसदी वसूला जाएगा। अवैध कॉलोनियों में किए जाने वाले विकास के लिए भी समय-सीमा तय की जाएगी।

# सचिव ने कागज में बताए अपनी मां के चार पति, प्रधानमंत्री आवास के सात मकानों में किया घपला

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में एक पंचायत सचिव ने कागजों में अपनी मां के चार पति बताए, जबकि इनमें एक असली था और तीन दस्तावेजों में नकली पति। ये फर्जीवाड़ा सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली मदद की इंस्टॉलमेंट में हेरफेर के लिए किया। दस्तावेजों में हेरफेर और फर्जी जियो टैगिंग से कुल सात मकान के निर्माण को लेकर घपला किया गया। मामले की जांच के बाद जिला पंचायत ने अब सचिव को नोटिस भेजा है।

वर्ष 2018 से 2020 के बीच अनूपपुर जिले की लतार ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक नरेश लहरे को सचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीब और जरूरतमंद लोगों के मकान बनाने की योजना पंचायत में भी अमल में लाई जानी थी। इसमें नरेश की भूमिका अहम थी। उसे लोगों से आवेदन लेकर उनकी इंस्टॉलमेंट के भुगतान की प्रक्रिया पूरी करानी थी।

जियो टैगिंग यानी बनने वाले मकानों का जमीनी सत्यापन कराना था। सभी दस्तावेजों को पंचायत में संभालकर रखना था। जिला पंचायत की अब तक की जांच



में पता चला है कि नरेश ने अपनी जिम्मेदारियों को निजी स्वार्थपूर्ति के लिए इस्तेमाल किया। उसने खुद के और अपने खानदान के नाम पर तो गड़बड़झाला किया ही अन्य कम पढ़े-लिखे या अनपढ़ लोगों को भी अपना शिकार बनाया। नरेश के चार अन्य भाई भी हैं। पहला सुरेश, दूसरा राजाराम, तीसरा कमलेश और चौथे का नाम जिला पंचायत ने सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन इतना बताया कि वह सरकारी नौकरी में है और इस मामले में उसकी कोई भूमिका नहीं है। पांचों के पिता का नाम है, ठुगनू और मां का नाम गुलइची। मां और पिता का नाम एक बार फिर ध्यान से पढ़ लीजिए क्योंकि ये नाम इस कहानी के अहम किरदार हैं।

### जिला पंचायत सीईओ ने एफआईआर के निर्देश दिए

जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया ने बताया ग्राम रोजगार सहायक नरेश प्रसाद लहरे के खिलाफ शिकायत मिली थी। जनपद स्तर पर जांच कराई गई है। जांच में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जी केस और गलत जियो टैगिंग पाई गई है। एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए हैं।